NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष :05, अंक :-131, पृष्ठ : 12 | सोमवार, 17 नवम्बर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# दुखद: मक्का से मदीना जा रहे 42 भारतीयों की मौत

## उमरा के लिए जा रही बस डीजल टैंकर से टकराकर जली



रियाद। सऊदी अरब में सोमवार देर रात एक सड़क हादसे में 42 भारतीयों की मौत हो गई। मक्का से मदीना जाते समय इनकी बस डीजल टैंकर से टकरा गई और इसमें आग लग गई। मृतकों में 20 महिलाएं और 11 बच्चे शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, हादसे में सिर्फ बस का ड्राइवर ही जिंदा बचा है। मृतकों में ज्यादातर हैदराबाद के बताए जा रहे हैं। हादसा मदीना से लगभग 160 किलोमीटर दूर मुहरास के पास भारतीय समयानुसार रात लगभग 1:30 बजे हुआ। उस समय कई यात्री सो रहे थे। उन्हें बचने का कोई मौका नहीं मिला। तेलंगाना सरकार ने कहा है कि वह रियाद में भारतीय दूतावास के संपर्क में है। राज्य सरकार की ओर से जारी बयान में बताया गया कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने दिल्ली में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे दूतावास से नजदीकी तालमेल बनाकर पीड़ितों की पहचान और अन्य औपचारिकताओं में मदद करें।

### 12 मृतकों के नाम सामने आए

हादसे में मारे गए लोगों में से 12 भारतीय पीड़ितों की पहचान हो पाई है, उनमें अब्दुल मोहम्मद, मोहम्मद मौलाना, सोहेल मोहम्मद, मस्तान मोहम्मद, परवीन बेगम, जकिया बेगम, शौकत बेगम, फरहीन बेगम, जहीन बेगम, मोहम्मद मंजूर, मोहम्मद अली, गौसिया बेगम शामिल हैं।

### हेल्पलाइन नंबर जारी

जेद्दा में भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन जारी किया है। , जेद्दा स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में कंट्रोल रूम बनाया हेल्पलाइन का संपर्क विवरण 8002440003 है।

'मदीना में भारतीय नागरिकों के साथ हुई दुर्घटना से गहरा सदमा पहुंचा है। रियाद स्थित हमारा दूतावास दुर्घटना से प्रभावित भारतीय नागरिकों और उनके परिवारों को पूरी सहायता प्रदान कर रहे हैं।'

एस जयशंकर
विदेश मंत्री

### ओवैसी ने शवों को भारत लाने की अपील की

हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने सऊदी अरब में भारतीय उमरा यात्रियों की बस दुर्घटना पर दुख जताया है। न्यूज एजेंसी एएनआई से फोन पर बातचीत में ओवैसी ने बताया कि उन्होंने हैदराबाद की दो ट्रैवल एजेंसियों से संपर्क किया है और यात्रियों की जानकारी रियाद स्थित भारतीय दूतावास के साथ साझा की है। उन्होंने रियाद में भारतीय दूतावास के डिप्टी चीफ ऑफ मिशन अबू मैथन जॉर्ज से भी बात की। जॉर्ज ने उन्हें बताया कि स्थानीय अधिकारियों से जानकारी जुटाई जा रही है।

## 19 नवंबर को भंग होगी बिहार विधानसभा

### सीएम नीतीश कुमार ने राज्यपाल को सौंपा प्रस्ताव



**पटना।** आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए बड़ा दिन है। पहले सीएम मंत्रिमंडल की बैठक में यह वर्तमान सरकार की अंतिम कैबिनेट खत्म हो गई। इस बैठक में 17वीं विधानसभा भंग करने की सिफारिश की गई। सभी मंत्रियों ने अपना इस्तीफा दे दिया। इसके बाद सीएम नीतीश कुमार राजभवन पहुंचे। वहां उन्होंने कुछ राज्यापल से बातचीत की। इसके बाद राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को विधानसभा भंग करने का प्रस्ताव सौंप दिया। 19 नवंबर को मौजूदा विधानसभा भंग हो जाएगी।

## बेतिया में कार ने बारातियों को रौंदा, 3 की मौत



**पटना।** बेतिया-बगहा नेशनल हाईवे पर देर रात भीषण हादसा में तीन लोगों की मौत हो गई और 15 लोगों की हालत गंभीर है। घटना शिकारपुर थाना क्षेत्र के बिशुनूर्वा गांव के पास की है। बताया जा रहा है कि मंगलवार रात तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे बारातियों के समूह को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और सभी गंभीर रूप से जख्मी लोगों को लौरिया सीएचसी में भर्ती कराया। कई घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर करने की प्रक्रिया जारी है।




# पिछले साल से फिदायीन हमले की तैयारी में था उमर

## दानिश के पीछे हटने के कारण फेल हुआ था प्लान

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जिस सफेदपोश डॉक्टर आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है, वह पिछले साल से ही आत्मघाती हमलावर की तलाश में था। मुख्य साजिशकर्ता डॉ. उमर नबी इस षडयंत्र को लगातार आगे बढ़ा रहा था। आतंकियों की साजिश अप्रैल में दानिश के इस्लाम में खुदकुशी वर्जित होने का हवाला देते हुए पीछे हटने से विफल हो गई थी।

जांच अधिकारियों ने रविवार को दावा किया कि दक्षिण कश्मीर के काजीगुंड से पकड़े गए आरोपी जसीर उर्फ दानिश से पूछताछ में पता चला कि डॉ. उमर घोर कट्टरपंथी था। वह इस बात पर लगातार जोर देता था कि आतंकी साजिश को अंजाम देने के लिए एक आत्मघाती हमलावर की जरूरत थी। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जिस सफेदपोश डॉक्टर आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है, वह पिछले साल से ही आत्मघाती हमलावर की तलाश में था। मुख्य साजिशकर्ता डॉ. उमर नबी इस षडयंत्र को लगातार आगे बढ़ा रहा था। आतंकियों की साजिश अप्रैल में दानिश के इस्लाम में खुदकुशी वर्जित होने का हवाला देते हुए पीछे हटने से विफल हो गई थी।

जांच अधिकारियों ने रविवार को दावा किया कि दक्षिण कश्मीर के काजीगुंड से पकड़े गए आरोपी जसीर उर्फ दानिश से पूछताछ में पता चला कि डॉ. उमर घोर कट्टरपंथी था। वह इस बात पर लगातार जोर देता था कि आतंकी साजिश को अंजाम देने के लिए एक आत्मघाती हमलावर की जरूरत थी। जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी समूहों के आका सुरक्षा बलों की नजर से बचने के लिए अब नई रणनीति पर काम कर रहे हैं। आतंकियों की नई भर्ती में वे उन युवाओं को शामिल कर रहे हैं, जिनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड या अलगाववादी जुड़ाव नहीं है।





### फंडिंग जुटा रहे थे शाहीन और डॉक्टर परवेज

आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के फरीदाबाद माड्यूल की अहम सदस्य डॉ. शाहीन ने आतंकी घटनाओं को अंजाम देने के लिए कई देशों से फंडिंग जुटाई थी। जैश के इशारे पर उसे विदेशों में रहने वाले कश्मीरी मूल के डॉक्टरों से संपर्क स्थापित कर फंडिंग का बंदोबस्त करने का जिम्मा सौंपा गया था। इसमें उसका भाई डॉ. परवेज भी मदद कर रहा था। राजधानी निवासी दोनों भाई-बहन की जांच में सामने आया है कि वह पाकिस्तान समेत कई मुस्लिम देशों के डॉक्टरों के संपर्क में थे।

अधिकारियों का कहना है कि यह दो दशक पुरानी रणनीति से अलग है, जिसमें आतंकी संगठनों से जुड़े लोगों को प्राथमिकता दी जाती थी। सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल की जांच कर रहे अधिकारियों का कहना है कि अब तक गिरफ्तार या हिरासत में लिए गए आरोपियों से पूछताछ में इस नए पैटर्न का पता चला है।

एक अधिकारी ने कहा, डॉ. अदील, उसके भाई डॉ. मुजफ्फर राथर और डॉ. मुजम्मिल गनई जैसे आरोपियों का कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में संलिप्तता नहीं है। इन कट्टरपंथी युवाओं के परिवार के सदस्यों का भी किसी अलगाववादी या आतंकी संगठन से पूर्व संबंध नहीं है। यहां तक कि डॉ. उमर का भी कोई पुराना आपराधिक रिकॉर्ड नहीं था। उसका परिवार भी इस मामले में बेदाग रहा है

सूत्रों के मुताबिक, यह जम्मू-कश्मीर या पाकिस्तान में सक्रिय आतंकी समूहों की सोची-समझी चाल है, ताकि उच्च शिक्षित युवाओं और बिना किसी आपराधिक रिकॉर्ड वाले लोगों को आतंकी गतिविधियों का हिस्सा बनाया जाए।

## अयोध्या में राम मंदिर ध्वजारोहण

# चुना गया 30 मिनट का श्रेष्ठ मुर्हूत, मोबाइल फोन बैन

**अयोध्या।** राम मंदिर में 25 नवंबर को होने वाला ध्वजारोहण समारोह स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय समारोह की गरिमा के साथ संपन्न होगा। वैदिक परंपराओं और आधुनिक शिष्टाचार के बीच सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक निर्धारित शुभ मुहूर्त में ध्वजारोहण की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। इसी अवधि के भीतर चुने गए 30 मिनट के श्रेष्ठ मुहूर्त में ध्वज फहराया जाएगा। यह मुहूर्त दोपहर 12 से 12:30 बजे तक होगा।

समारोह की सबसे महत्वपूर्ण घड़ी वह क्षण होगा जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत स्वतंत्रता दिवस के अनुरूप ही ध्वज फहराने की प्रक्रिया पूरी करेंगे। ध्वज को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सलामी दी जाएगी। शंखनाद, ढोल-नगाड़ों और मंगल वाद्य की ध्वनि पूरे परिसर में गूंजेगी। ध्वज फहराते ही मंदिर परिसर में घंटे-घड़ियाल बजने लगेंगे। समारोह को उसी शिष्टाचार के साथ आयोजित किया जा रहा है जैसा राष्ट्रीय पर्वों पर देखने को मिलता है। ध्वजारोहण की पूरी प्रक्रिया सेना के अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी की जाएगी। परिसर को पारंपरिक ध्वजों, पुष्प और दीप से सजाया जा रहा है। शहरभर में सुरक्षा, यातायात और आगंतुकों की सुविधा की विशेष व्यवस्था की गई है।

राम मंदिर के ध्वजारोहण समारोह में 25 नवंबर को आगमन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में रोड




शो भी कर सकते हैं। सोमवार या मंगलवार को एसपीजी के आने पर पीएम मोदी के एयरपोर्ट से राम मंदिर तक का रूट फाइनल होने के बाद इस बारे में अंतिम निर्णय किया जाएगा।

पीएम मोदी के लिए जिला प्रशासन ने वैकल्पिक रूप से दो रूट तय किए हैं। पहला विकल्प एयरपोर्ट से महोबरा बाजार होते हुए राम मंदिर तक सड़क मार्ग से जाना प्रस्तावित है। यह मार्ग करीब 12 किमी लंबा है। दूसरे विकल्प के रूप में एयरपोर्ट से हेलीकाप्टर से साकेत कॉलेज में बने हेलीपैड पर उतर कर राम मंदिर तक जाना प्रस्तावित किया गया है। यह मार्ग सिर्फ एक किमी लंबा है। इन दोनों मार्गों पर पीएम के संभावित आवागमन के लिए सुरक्षा व अन्य व्यवस्था से जुड़ी सभी तैयारियां की जा रही हैं। साकेत कॉलेज में तीन हेलीपैड बन कर तैयार हो गए हैं।

## रूस से व्यापार करने वाले देशों पर प्रतिबंध लगाने का कानून ला रही ट्रंप सरकार

**वाशिंगटन।** अमेरिका का ट्रंप प्रशासन जल्द ही एक नया कानून बनाने जा रहा है, जिसके तहत रूस से व्यापार करने वाले देशों पर कड़े प्रतिबंध लगाए जाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी इसे समर्थन दे दिया है। रविवार को मीडिया से बात करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने बताया कि उनकी पार्टी एक विधेयक लाने जा रही है, जिसके तहत रूस से व्यापार करना किसी भी देश के लिए बेहद मुश्किल हो जाएगा।



ट्रंप ने कहा कि रूस के व्यापारिक साझेदार देश यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने के लिए जिम्मेदार हैं, खासकर रूस से कच्चा तेल और गैस खरीदने वाले देश। ट्रंप ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऐसा विधेयक लाने जा रही है, जिसमें रूस से व्यापार करने वाले देशों पर काफी कड़े प्रतिबंधों का प्रावधान है।

# शामली में चरण आराधना संग मनाया 'विमर्श उत्सव'

**शामली।** भारतीय वसुंधरा के सम्पूर्ण गुरु भक्तों ने धर्मनगरी शामली में उपस्थित होकर अपने परम आराध्य भावरिंगी संत श्रमणाचार्य गुरुवर श्री 108 विमर्शसागर जी महामुनिराज का 53 वा ₹विमर्श उत्सव₹ जन्म जयन्ती महोत्सव गुरुवर की चरण आराधना करके मनाया ।

इस स्वर्णिम अवसर के साथ ही मणि-कांचन संयोग की भाँति विगत वर्ष दीशित आर्यिका श्री 105 विमर्शिता श्री माताजी सहित 13 संयमियों का प्रथम दीक्षा दिवस भी सभी गुरु भक्तों ने हर्षोल्साह के साथ मनाया। आचार्य शुकवर विमर्शसागर जी महामुनिराज का जन्मोत्सव सभी शिष्य समुदाय के साथ सम्पूर्ण जिनागम पंधी गुरुभक्तों ने एक अनूठे अंदाज में मनाया जिसे ₹शुभकामनाएँ₹ महोत्सव के रूप में 15 नवम्बर 2025 शनिवार को ₹शुभकामनाएँ ₹भारत₹ मैं देखा।

सम्पूर्ण भारत वर्ष के कोने-कोने से नगर-शहरों से शामली धर्मनगर में गुरु




विमर्श भक्तों ने त्रय दिवसीय विमर्श उत्सव सम्पन्न किया, जिसमें 13 नवम्बर को मध्यकालीन बेला में आध्यात्मिक कवि सम्मलेन₹ आयोजन रखा गया, उसी दिन रात्रिकालीन नेला में कवि गणों द्वारा काव्य पाठ किया गया ।

आन्चार्य श्री ने कहा कि आज हमारे शिष्य मुनि श्री विचिन्त्य सागर जी का 13 वाँ दीक्षा दिवस है और विगत वर्ष दीक्षित 13 शिष्यों का प्रथम दीक्षा दिवस है। मेरा इन सभी शिष्यों को बहुत बहुत मंगल आशीर्वाद है। हमारे सभी शिष्य योग्य हैं, श्रेष्ठ हैं। सभी शिष्यों का वर्तमान विशिष्ट है इन सभी के साथ आर्यिका विमर्शिता श्री माताजी का भविष्य भी बहुत विशिष्ट है। वास्तव में आर्थिका रत्न शिरोमणि है आर्यिका विमर्शिता श्री माताजी।

आचार्य गुरुदेव के मंगल शुभाशीष के उपरांत विमर्श गुरुकुल के सभी शिष्यों और भक्तों ने गुरुवर के जन्मोत्सव पर गुरु चरणों में शुभकामनायें प्रेषित की। शुभकामना महोत्सव उपरान्त उपस्थित जन समुदाय ने गुरुवर की अष्ट मांगलिक द्रव्यों से पूजन सम्पन्न की ।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

## ठाकुर बांकेबिहारी के दर्शन के बाद समाप्त हुई सनातन एकता पदयात्रा

# हिंदू को एकसूत्र में पिरोने की है ये यात्रा



एनएनआई

**मथुरा।** बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा वह न थके हैं और ना थकेंगे, न रुके हैं न रुकेंगे। यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश-दुनिया के सनातनी हिंदू को एक सूत्र में जोड़ना है। ताकि आने वाली पीढ़ियां, संपत्ति, मठ-मंदिर, बेटियां एवं रोटियां बच सकें। यह पदयात्रा में तन का विश्राम है। विचार यात्रा जारी रहेगी। उन्होंने घोषणा की है कि 3.0 यात्रा फिर शुरू होगी, इसका समय परिस्थिति के अनुसार निश्चित किया जाएगा, जोकि उस दिशा में जाएगी जहां धर्मांतरण हो रहा है।

यह बातें उन्होंने रविवार को छटीकरा स्थित चारधाम मंदिर के समीप धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने हिंदू एकता का देश में जन-जन में सूत्र पिरोने के लिए पांच संकल्प भी दिलाए। उन्होंने कहा कि पदयात्रा के शुरूआत में ही विरोध बहुत हुए। लोगों ने धमकाने के साथ ही विरोध किया, दिल्ली में बस विस्फोट हो गया, लेकिन सनातनी हिंदू अपने संकल्प के साथ यात्रा में आगे बढ़ते रहे। उन्होंने धर्मसभा में शामिल लाखों लोगों को पांच प्रण लेकर घर जाने को कहा। उन्होंने कहा कि इसमें पहला जुड़ो और जोड़ो, इसमें प्रत्येक को पांच परिवारों को कट्टर सनातनी हिंदू बनाना है। दूसरा प्रण भगवा अभियान, इसमें अपने घरों पर धर्मध्वज लगाना और लोगों को भी इसे लगाने के लिए प्रेरित करना। तीसरा प्रण है कि जब भी देश के हिंदुओं पर खतरा आएगा तब साधु-संतों का कमंडल और बागेश्वर धाम का मंडल सबसे आगे आएगा। गांव-गांव में मंडल का गठन करना है। मंडल द्वारा गांव में प्रत्येक माह में सनातन हिंदू एकता यात्रा निकालनी है। चौथा प्रण है घर वापसी अभियान, इसमें जिन हिंदुओं ने किसी प्रलोभन में अन्य धर्म अपना लिया है, उन्हें अपने धर्म में वापस लाना। उन्होंने पांचवां प्रण लोगों को लेने के लिए कहा कि देशभर में जितने भी तीर्थ है, उन तीर्थों में मांस-मदिरा की दुकान नहीं होगी। जहां भगवान होगा वहां दुकान नहीं होगी।

**यह पदयात्रा शोभायात्रा नहीं, इसे गांव-गांव पहुंचाना है**

उन्होंने दिल्ली से वृंदावन तक की 150 किलोमीटर की इस पदयात्रा को लेकर प्रश्न को उजागर किया कहीं यह पदयात्रा शोभायात्रा तो नहीं बन गई। लेकिन नहीं इस यात्रा को गांव-गांव पहुंचाना है। अब देश के सभी गावों में संतों सानिध्य में मंडल स्थापित किए जाएंगे। जोकि गांवों में सनातन हिंदू एकता का अलख जगाएंगे। जीर्ण-शीर्ण मंदिरों का जीर्णोद्धार करेंगे और सभाएं कर हिंदुओं को कट्टर सनातनी बनाएंगे।

**धीरेंद्र बोले - मुसलमानों का विरोध नहीं**

उन्होंने कहा कि न हम मुसलमानों के विरोधी हैं न इसाइयों के विरोधी हैं। कुछ लोग इस देश में तिरंगे पर चांद देखना चाहते हैं। हम चांद पर तिरंगा देखना चाहते हैं। उन्होंने दिल्ली धमाके को इंगित करते हुए कहा कि उनके यहां डॉक्टर एवं पढ़ा लिखा भी आतंकवादी होता है। उनके यहां पढ़े लिखे भी मजहबी कट्टरपंथी सोच रखते हैं। वह कभी नहीं कहते हैं कि हम मुसलमान हैं।



## रामभद्राचार्य बोले- दिल्ली से कश्मीर तक निकाली जाएगी यात्रा

एनएनआई

**मथुरा।** सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा के अंतिम पड़ाव पर मंच से जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि अब ओम शांति बंद करो, ओम क्रांति क्रांति क्रांति शुरू करो। प्रत्येक हिन्दू कन्या झांसी की रानी बनेगी। प्रत्येक हिन्दू घर में तुलसी व द्वार पर गाय रखे। एक गाय के दर्शन से 99 करोड़ देवी देवताओं के दर्शन होते हैं। आगामी समय में दिल्ली से कश्मीर तक यात्रा की जाएगी। जिसमें वह स्वयं पूरे समय उपस्थित रहेंगे। कश्मीर को एक बार फिर से भारत का स्वर्ग बनाएंगे। प्रत्येक हिन्दू हनुमान



चालीसा का पाठ करे। नारी का सम्मान करें। नारी नर्क की खाई नहीं हो सकती। जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि जल्द ही कश्मीर की यात्रा करेंगे। उन्होंने पदयात्रा के विरोध के सवाल पर कहा कि सब विरोध धराशायी हो गए। उन्होंने कहा कि हमने सिंह पाले हैं, मेरा चेला सिंह है, सियारों से नहीं डरते। बिहार के चुनाव परिणाम पर उन्होंने कहा कि उचित दंड मिला है। रविवार को पदयात्रा में शामिल होने के लिए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पहुंचे।

## पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने अखिलेश पर साधा निशाना

# बिहार चुनाव परिणाम से अखिलेश ने बदली पीडीए की परिभाषा

**फिरोजाबाद** एनएनआई। प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह ने जन एकता रैली में शामिल होने के दौरान विपक्षी दलों पर निशाना साधा। उन्होंने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर बिहार चुनाव परिणामों के बाद 'पीडीए' की परिभाषा बदलने का आरोप लगाया।

मंत्री ने कहा कि अखिलेश यादव का मूल मुद्दा जातिवाद के नाम पर सत्ता हासिल करना था। हालांकि, बिहार चुनाव के नतीजों के बाद वे हतोत्साहित हुए हैं और अब विकास



के मुद्दों पर बात कर रहे हैं। उन्होंने अखिलेश यादव के विकास के मुद्दे को खारिज करते हुए कहा कि वर्ष 2012 से 2017 तक उनकी सरकार रही, जिसे प्रदेश की जनता ने देखा और झेला है। मंत्री ने आरोप लगाया कि उस दौरान पूरे प्रदेश में गुंडागर्दी, अराजकता और चौथ वसूली का बोलबाला था। उन्होंने समाजवादी पार्टी की 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोजेक्ट' नीति पर तंज कसते हुए उसे 'वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया' बताया।

## दिल्ली बम विस्फोट के मास्टरमाइंड परवेज का हाथरस कनेक्शन

# तब्लीगी जमात के साथ की थी मीटिंग, खुफिया तंत्र जुटा रहा जानकारी

एनएनआई

**हाथरस।** दिल्ली बम विस्फोट के मास्टरमाइंड परवेज का हाथरस से कनेक्शन सामने आया है। खुफिया एजेंसियों को जानकारी मिली है कि परवेज ने हाथरस में तब्लीगी जमात के साथ बैठक की थी। अब खुफिया तंत्र इस पूरे मामले की गहनता से पड़ताल कर रहा है। आखिर यह बैठक कब और कहां की थी और इसमें कौन-कौन शामिल था। इसे लेकर खुफिया तंत्र तमाम जानकारियां हासिल कर रहा है। खुफिया एजेंसियां परवेज से



जुड़ी समस्त जानकारी जुटाने में लगी हैं। वे उन लोगों की तलाश कर रही हैं जो हाथरस में परवेज के संपर्क में थे या उसकी गतिविधियों में शामिल थे। यह पहली बार नहीं है जब हाथरस का नाम किसी आतंकी गतिविधि से जुड़ा है। इससे पहले भी कई साल पहले एक संदिग्ध आतंकवादी का ड्राइविंग लाइसेंस हाथरस के एआरटीओ कार्यालय से जारी किया गया था। वर्तमान में, खुफिया तंत्र परवेज के हाथरस कनेक्शन को लेकर लगातार छानबीन कर रहा है।

# ट्रांस यमुना पुलिस ने पकड़ा 14 कुंतल मांस

एनएनआई

**आगरा।** ट्रांस यमुना थाना पुलिस को अवैध मीट तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने रात्रि चेकिंग करते हुए एक पिकअप वाहन (छोटा हाथी) से करीब 14 कुंतल जानवर का अवैध मांस बरामद किया है। मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जबकि दो तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। पकड़ा गया आरोपी ताहिर, निवासी शांति नगर, टेडी बगिया (आगरा), अवैध मांस ले जाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया।

थाना अध्यक्ष रोहित कुमार ने बताया कि पिकअप वाहन संख्या वढ80 खळ 4146 शाहदरा कट होते हुए नुनिहाई की ओर जा रहा था। उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार, शरद धामा, अभिषेक कुमार व सिपाही ऋषिपाल रात्रि चेकिंग कर रहे थे। उनके द्वारा बैरियर लगाकर वाहन को रोककर ड्राइवर को हिरासत में ले




लिया गया।

वाहन के अंदर भारी मात्रा में भैंस का मांस भरा मिला। पूछताछ में ताहिर ने बताया कि वह अपने साथियों राशिद और बदर के साथ एत्मादपुर क्षेत्र से चोरी-छिपे भैंस काटकर मीट लाते हैं और नाई की मंडी सहित अन्य इलाकों में दुकानदारों को बेचते हैं। दोनों साथी मौके से भाग निकले। पकड़े गए आरोपी के पास मांस लाने-ले जाने या संग्रहित करने का कोई लाइसेंस नहीं मिला। पुलिस ने ताहिर को पशु क्रूरता अधिनियम 1960 के तहत गिरफ्तार कर लिया। वाहन के मालिक की पहचान सलीम कुरैशी, निवासी मोहल्ला कुरैशियान, थाना खंदौली के रूप में हुई है। वाहन के कागज भी प्रस्तुत नहीं किए गए, जिसके बाद पुलिस ने पिकअप को धारा 207 एमवी एक्ट के तहत सीज कर दिया। मीट के नमूने पशु चिकित्सक द्वारा परीक्षण हेतु लिए जाएंगे। जांच के बाद अवैध मांस का निस्तारण कराया जाएगा। पुलिस फरार अभियुक्तों की तलाश में दबिश दे रही है।

# एक्टिवा पर केक काटकर मनाया जश्न, फिर ताबड़तोड़ की फायरिंग, दहशत

- एक घंटे तक हुड़दंग, वीडियो वायरल होने पर पुलिस हरकत में



**आगरा** एनएनआई। ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र के सीता नगर में शनिवार देर रात जन्मदिन के जश्न के नाम पर खुलेआम गुंडागर्दी की गई। करीब एक दर्जन युवकों ने बीच सड़क पर एक्टिवा खड़ी कर न सिर्फ केक काटा, बल्कि इसके बाद ताबड़तोड़ फायरिंग कर माहौल में दहशत फैला दी। छह राउंड फायरिंग के बाद आसपास रहने वाले लोग डर के चलते घरों से बाहर नहीं निकले। करीब एक घंटे तक युवकों ने हुड़दंग मचाया और फिर मौके से फरार हो गए।

घटना का वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसे चौधरी हर्षित जाट की आईडी से पोस्ट किया गया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक एक्टिवा और बिना नंबर की एसयूवी कार से युवक सती नगर पहुंचे। एक्टिवा को बीच सड़क पर खड़ा कर उस पर केक काटा गया। सीट पर स्पार्कल जलाए गए और एक-दूसरे पर स्प्रे करते हुए हैप्पी बर्थडे का शोर मचाया गया। इसी दौरान केक काटने वाला एक युवक अपनी कमर से असलहा निकालता है और कुछ दूरी पर जाकर लगातार छह फायर करता है। अचानक हुई फायरिंग से कॉलोनी में अफरा-तफरी मच गई। लोग दहशत के चलते खिड़कियों तक से झांकने की हिम्मत नहीं जुटा सके। बताया गया कि युवक लगभग एक घंटे तक क्षेत्र में शोर-शराबा करते रहे और बाद में कार में बैठकर फरार हो गए।

वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई है। एसीपी छत्ता शेषमणि ने बताया कि वीडियो के आधार पर आरोपितों की शिनाख्त कराई जा रही है। जल्द ही फायरिंग करने वाले और उनके साथियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।

## अश्लील फब्तियां कसता युवक अरेस्ट

**आगरा** एनएनआई। एंटी रोमियो टीम ने एत्माद्दौला थाना क्षेत्र के रामबाग चौकी अंतर्गत सार्वजनिक स्थान पर महिलाओं पर गाने गाकर और अश्लील फब्तियां कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया। एंटी रोमियो टीम की महिला उपनिरीक्षक रजनी, रूबी रोशन, कन्हैया शुक्ला, महिला सिपाही आरती और सिपाही उपेंद्र रविवार को नगला देवजीत क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे तभी एक व्यक्ति महिलाओं को देखकर अश्लील गाने गाते हुए फब्तियां कसता मिला। पुलिस को देख वह मैदान की ओर भागने लगा, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर आरोपी युवक ने अपना नाम अर्जुन (21) पुत्र हुक्कम सिंह, निवासी नगला देवजीत बताया। आरोपी का व्यवहार महिलाओं में आक्रोश और असुरक्षा का कारण बन रहा था। उसके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा गया है।

## ठेकेदार ने बीच में छोड़ा इंटरलॉकिंग कार्य

**आगरा** एनएनआई। नगर निगम के वार्ड संख्या 44 घटवासन में ठेकेदार ने इंटरलॉकिंग का कार्य बीच में रोक दिया है। इससे लोग परेशान हैं। भाजपा के दयालबाग मंडल के उपाध्यक्ष सोनू परिवार ने बताया कि चंद्रावती स्कूल के सामने न्यू आगरा में जनवरी में इंटरलॉकिंग का कार्य प्रारंभ हुआ था। इस कार्य के चलते लोगों को घरों के रैंप तक तोड़ी गई थीं। कुछ दिन तो यहां काम चला उसके बाद काम बंद हो गया। ठेकेदार काम को बीच में छोड़कर चला गया है। तब यहां से यहां के हालात खराब हैं। नगर निगम और ठेकेदार की ओर से संतोषजनक उत्तर नहीं मिल रहा।



वीकेंड पर ताजमहल में सैलानियों की उमड़ी भीड़। टिकट विंडो और टर्न स्टाइल गेट पर पर्यटकों को लगभग एक घंटे तक इंतजार करना पड़ा। दिनभर में करीब 31 हजार पर्यटकों ने ताजमहल का दीदार किया। ताज पर पर्यटन सीजन पर सप्ताह में भीड़ उमड़ने लगी है।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# हरे वृक्षों को नष्ट करने की शिकायत एनजीटी में करेंगे किसान

- एडीए से बाग-बगीचा, नलकूप-मकानों की क्षतिपूर्ति दिलाने की लगाएंगे गुहार
- रायपुर प्रकरण की भू-अधिग्रहण संघर्ष समिति ने शासन-प्रशासन को दी जानकारी

एनएनआई

**एत्मादपुर।** रहनकलां-रायपुर में 442 हेक्टेयर अधिग्रहित भूमि की पैतृक परिसंपत्तियों बाग-बगीचा, नलकूप-मकानों की क्षतिपूर्ति का मुआवजा प्राप्ति को प्रभावित किसान आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) की राष्ट्रीय हरित अधिकरण (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) न्यायालय में शिकायत करेंगे। प्रभावित किसानों ने एडीए पर अधिग्रहित जमीन पर खड़ी पैतृक परिसंपत्तियों का मुआवजा दिए बिना उन्हें बिना किसी रजामंदी के जबरन नष्ट करने का गंभीर आरोप लगाया है। भू-अधिग्रहण किसान संघर्ष समिति



के प्रवक्ता प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि एडीए अधिग्रहित भूमि पर आंतरिक विकास के लिए सड़क का निर्माण करने को खेतों में खड़े हरे-भरे बाग-बगीचों के वृक्षों, पानी पीने के श्रोत कुओं-नलकूपों और आवासीय मकानों को बिना किसी रजामंदी के ध्वस्त करने में लगा है। जबकि उसने अभी तक इन पैतृक परिसंपत्तियों का क्षतिपूर्ति के रूप में कोई मुआवजा नहीं दिया है। उन्होंने बताया कि प्रभावित किसान एनजीटी न्यायालय में एडीए से क्षतिपूर्ति दिलाने की मांग करेंगे। एडीए द्वारा परिसंपत्तियों को नष्ट करने की जानकारी प्रमुख सचिव, मंडलायुक्त और जिलाधिकारी को दे दी गई है। एडीए की टीम ने बीते दिनों अधिग्रहित भूमि पर भौतिक कब्जा होने वाली भूमि को आंतरिक सड़क निर्माण के लिए समतल करने के दौरान खेतों में खड़े हरे पेड़ों को जेसीबी से उखाड़ दिया था। इस कार्रवाई से क्षेत्रीय किसानों में जबरदस्त आक्रोश है। किसानों ने चेतावनी दी है कि अब वे अपने हक प्राप्ति के लिए एनजीटी न्यायालय में एडीए को घेरेंगे।

## वन विभाग ने बरामद तीन ट्रॉली लकड़ी की बनाई फर्द

**एत्मादपुर।** रायपुर में एडीए की टीम द्वारा बिना किसी अनुमति के हरे वृक्षों को उखाड़े जाने पर वन संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने वाले वन विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों ने मौके से पकड़ी गई जेसीबी को सीज कर बरामद लकड़ी को फर्द बनाकर छलेसर कार्यालय परिसर में सुरक्षित कर दिया है। विभाग का कहना है मामला उच्च स्तरीय है, इस लिए बरामद तीन ट्रॉली लकड़ी को किसी की सुपुर्दगी में नहीं दिया गया है। क्षेत्रीय वन अधिकारी महेंद्र सिंह का कहना है कि मामले की जांच रिपोर्ट विभागीय डिविजनल ऑफिस आगरा भेज दी गई है।



प्रभावित किसान अपने पेड़, कुआं, नलकूपों और मकानों की क्षतिपूर्ति की जायज मांग कर रहे हैं। जब तक क्षतिपूर्ति नहीं दी जाती, तब तक अधिग्रहित भूमि पर कब्जा नहीं देंगे।

**प्रदीप कुमार शर्मा, प्रवक्ता भू-अधिग्रहण किसान संघर्ष समिति।**



शासन-प्रशासन से मांग है कि भू-अधिग्रहण में प्रभावित क्षेत्रीय सभी किसानों को उनकी पैतृक परिसंपत्तियों का निष्पक्षता से मूल्यांकन कर क्षतिपूर्ति दी जाए।

**बनवारी लाल वर्मा, पूर्व प्रधान ग्राम पंचायत रहनकलां**

NNI हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
सोमवार, 17 नवम्बर, 2025


## पुलिस की काउंसलिंग के बाद घर वापस लौटी राखी

एनएनआई



**आगरा।** कुंभ 2024 के दौरान अचानक साध्वी बनने के फैसले के बाद सुर्खियों में आई जिले की नाबालिग बालिका राखी पुलिस की निरंतर काउंसलिंग के बाद घर वापस लौट आई है। परिजनों ने डौकी पुलिस से बेटी को वापस लाने की गुहार लगाई थी।

आगरा की रहने वाली 13 साल की किशोरी महाकुंभमें संन्यास लेकर साध्वी गौरी बन गई थी। जूना अखाड़े के महंत कौशल गिरि को परिजनों ने बेटी दान कर दिया था। इसके बाद महंत को भी अखाड़े से निकाल दिया गया।

साध्वी को नारी निकेतन आगरा में रखा गया था, जहां से अब करीब 10 महीने बाद उसे घरवालों को सौंपा गया है। लेकिन साध्वी हरियाणा में अपने गुरु के पास चली गई। पुलिस 3 दिन पहले 13 नवंबर को साध्वी को उसके गुरु के वहां से लाई, काउंसिलिंग करके रविवार को उसे परिवार को सौंप दिया।

पुलिस टीम ने कई दिनों तक लगातार राखी की काउंसलिंग की। न केवल कानूनी और सामाजिक समझ दी, बल्कि उसे परिवार के महत्व और उसकी उम्र में ऐसे बड़े निर्णयों के प्रभाव भी समझाए।पुलिस की सहज, संवेदनशील और प्रभावी बातचीत का असर धीरे-धीरे दिखाई देने लगा। अंततः 14 वर्षीय राखी का मन बदला और वह माता-पिता के साथ घर लौटने के लिए तैयार हो गई।अब साध्वी का कहना है- मैं मां-पिता के साथ रहना चाहती हूं। पढ़-लिखकर जीवन में कुछ अच्छा करने का इरादा है। उधर, साध्वी की मां बच्ची को पाकर खुश हैं। मां का कहना है कि बेटी महाकुंभ में बाबा के बहकावे में आ गई थी।बेटी को सुरक्षित वापस पाकर परिवार की आंखों में खुशी और राहत साफ झलक रही है। परिजनों ने डौकी पुलिस की मानवीय पहल, संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई की खुलकर सराहना की।

## एसआईआर: एक कॉल पर बीएलओ से होगा संपर्क: डीएम

- 96.22 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का हो चुका है वितरण
- 4 दिसंबर तक पूरा होना है काम

एनएनआई



**आगरा।** जनपद में आपका वोट है और यदि बीएलओ से आपको गणना प्रपत्र नहीं मिला है। तो एक कॉल पर बीएलओ आपसे संपर्क करेगा। इसके लिए आपको प्रशासन द्वारा जारी किए गए नंबर पर कॉल करना होगा। इसके बाद बीएलओ आपसे संपर्क करेगा और गणना प्रपत्र से संबंधित समस्या को देखेगा। इसके लिए आपको टोल फ्री नंबर 1950 या लैंडलाइन नंबर 0562-2250170 पर संपर्क करना होगा। यह जानकारी जिलाधिकारी अरविंद मल्लपा बंगारी ने अपनी बैठक में दी।

जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा- विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के अंतर्गत जनपद में बीएलओ द्वारा 04 नवम्बर से घर-घर जाकर गणना प्रपत्र प्रत्येक मतदाता को दो प्रतियों में वितरित किए जा रहे हैं। 3696 बीएलओ के माध्यम से जनपद के कुल 3600071 मतदाताओं को गणना प्रपत्र दिया जा रहा है, जिसे भरकर हस्ताक्षर कर बीएलओ को देना है। उन्होंने बताया कि आज तक आंकड़ों के अनुसार 96.22 प्रतिशत गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। जिलाधिकारी महोदय ने मीडिया के माध्यम से जनपद की समस्त मतदाताओं से अपील की कि (एसआईआर) का कार्य 4 नवंबर से दिनांक 4 दिसंबर तक होना है। समयबद्ध रूप से पूर्ण होना है तथा कोई भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची न छूटे इस हेतु समस्त जनता इस संवैधानिक महत्व के कार्य में बी०एल०ओ० को अपना सहयोग दे। उन्होंने यह भी अपील की कि जिला प्रशासन गुणवत्तापूर्ण (एसआईआर) कराते हुए परिशुद्ध तथा त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार कराने हेतुपरिशुद्ध तथा त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार कराने हेतु प्रतिबद्ध है।

## बचपन ही जीवन के संस्कार गढ़ने की अवस्था



एनएनआई

**आगरा।** भारतीय जैन संगठना एवं जिला टीम द्वारा पारस प्रॉपर्टी डीलर, पीएनसी लिमिटेड, जिनेंद्र सेल्स कॉरपोरेशन,पीआर इलेक्ट्रिकल्स प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से बाल दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम चिल्लर पार्टी का आयोजन रविवार को महावीर पार्क डी ब्लॉक कमला नगर में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं भक्ति गीतों के साथ हुआ।इस अनूठे बाल दिवस समारोह में 8 से 14 वर्ष आयु वर्ग के तीन सौ से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य जैन समाज के नन्हे बच्चों में धार्मिक संस्कार,राष्ट्र जागरूकता, आत्म विश्वास एवं व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं- सरिता काला,अंकिता जैन अंकेश जैन,स्मृति जैन,सीए सुरेश जैन,पारस जैन ने बच्चों को सुबह जल्दी उठना नियमित व्यायाम करना स्वस्थ भोजन करना,पर्याप्त नींद लेना समय का पाबंद होना,किताब पढ़ना, अपना काम खुद करना,सच बोलना, परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताना के लिए प्रेरित किया।

वक्ताओं ने कहा कि बचपन ही जीवन के संस्कार गढ़ने और सकारात्मक सोच विकसित करने की सबसे महत्वपूर्ण अवस्था है। पूरे कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता,प्रेरक सत्र,समूह गतिविधियाँ,आउटडोर गेम्स,मस्ती, मजाक,फन जोन,स्वादिष्ट भोजन व गिफ्ट वितरण ने बच्चों को खूब आनंदित किया। चिल्लर पार्टी बच्चों के लिए ज्ञान संस्कार और मनोरंजन का अद्भुत संगम सिद्ध हुई।कार्यक्रम का संचालन मनोज जैन द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आगरा शहर अध्यक्ष अंकुश जैन, शैलेंद्र जैन,अमित जैन,अंकेश जैन, कुमार मंगलम जैन,सुरेंद्र जैन,रोहित जैन अहिंसा,यशपाल जैन,जगदीश प्रसाद जैन,राकेश जैन,मीडिया प्रभारी शुभम जैन एवं पूरी टीम ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।राज्य संरक्षकगण मनोज बाकलीवाल,मुकेश जैन ओसवाल एवं पंकज जैन सहित राष्ट्रीय टीम शांति लाल जैन मुथा, नन्दकिशोर जैन शांखला,कोमल जैन, पंकज जैन एवं प्रदीप जैन संचेती का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

## एनजीटी मानकों का पालन न करने वालों पर होगी एफआईआर

एनएनआई

**आगरा।** अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार ने बताया कि रोक के बावजूद कुछ स्थानों पर कचरा जलाने की शिकायतें मिल रही हैं। ऐसे लोगों को अब किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।आगरा की लगातार हवा खराब हो रही है, जिससे लगातार वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। इसके देखते हुए नगर निगम प्रशासन अब सख्त रुख अपनाने जा रहा है।अपर नगर आयुक्त ने बताया कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए सभी एसएफआई और जेएसओ को कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। शहर में प्रदूषण का स्तर गंभीर होने के कारण ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) भी लागू हो चुका है। इसके मद्देनजर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड को भी निर्माण स्थलों पर खोदाई के दौरान वायु प्रदूषण रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने हेतु पत्र लिखा गया है। उनसे कहा गया है कि ग्रीन नेट, पानी का छिड़काव और मलबे के ढेर को ढककर रखना जैसे उपाय अनिवार्य रूप से लागू किए जाएं।

वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए नगर निगम ने शहर की सड़कों पर तीन दर्जन छोटे-बड़े वाहनों को उतार दिया है। ये वाहन सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक लगातार विभिन्न मार्गों पर पानी का छिड़काव कर रहे हैं, ताकि उड़ती धूल और निर्माण जनित प्रदूषण पर नियंत्रण रखा जा सके।

सभी जोनल अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी-अपनी क्षेत्रीय टीमें सक्रिय रखें और छिड़काव की दैनिक मॉनिटरिंग करें।नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने कहा है कि ह्वायु प्रदूषण शहर की गंभीर समस्या बनती जा रही है। कूड़ा जलाने, निर्माण कार्यों में लापरवाही और धूल उड़ाने वाले सभी कारकों पर सख्ती की जाएगी। निगम टीमें लगातार निगरानी में हैं। नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। हमारा लक्ष्य प्रदूषण को हर हाल में नियंत्रित करना है, इसके लिए सभी विभाग मिलकर काम कर रहे हैं।

# दौड़ में हिट हैं तो सेहत में फिट हैं

## हाफ मैराथन के लिए शास्त्रीपुरम में जोनल पार्क से जपनाम अस्पताल तक दौड़े 600 से अधिक धावक

■ आगरा स्पोर्ट्स फाउंडेशन ने आगरा ताज हाफ मैराथन के तृतीय संस्करण के लिए आयोजित की दूसरी प्रोमो रेस

एनएनआई



**आगरा।** आगरा स्पोर्ट्स फाउंडेशन एवं एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेसेज द्वारा अगले वर्ष 08 फरवरी को आयोजित आगरा ताज हाफ मैराथन के तीसरे संस्करण के लिए 05 और 10 किलोमीटर की दूसरी प्रोमो रेस का आयोजन रविवार सुबह शास्त्रीपुरम क्षेत्र में जोनल पार्क से इंडस्ट्रियल एरिया होते हुए जपनाम अस्पताल तक किया गया।

दूसरी प्रोमो रेस में 09 वर्षीय किशोर चैतन्य पाल से लेकर 84 वर्षीय बुजुर्ग रतन सिंह आर्य सहित 600 से अधिक धावकों ने दौड़ और फिटनेस के प्रति अपने जज्बे का प्रदर्शन किया।

इससे पूर्व रोटेरियन डॉ. आरती मेहरोत्रा और दीपक नेगी ने सभी धावकों को 'जय हो' जैसी उत्साहवर्धक म्यूजिक बीट्स पर वार्म अप एक्सरसाइज करवा के प्रोमो रेस के लिए मानसिक रूप से तैयार किया। स्वामी परमानंद महाराज ने शंखनाद किया। राष्ट्रगान किया गया।

इस अवसर पर डॉ. आरती मेहरोत्रा ने धावकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप सबका जोश और जुनून देखने लायक है। हमारी कोशिश है कि सब स्वस्थ रहें। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी जी के नारे को आगे बढ़ाते हुए कहा कि स्वस्थ रहेगा इंडिया तभी तो पढ़ेगा इंडिया और तभी तो बढ़ेगा इंडिया..

ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. संजय गुप्ता ने कहा कि फिट इंडिया कैंपेन के तहत हमारा उद्देश्य शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर अधिक से अधिक लोगों को हेल्थ, फिटनेस और रनिंग के लिए जागरूक करना है। इच्छुक लोग आगरा स्पोर्ट्स फेडरेशन की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करवा कर अर्ली बर्ड ऑफर प्राप्त कर सकते हैं। आयोजन के प्रवक्ता और मानसिक स्वास्थ्य संस्थान के निदेशक डॉ. दिनेश राठौर ने कहा कि आगरा ताज हाफ मैराथन का उद्देश्य फिटनेस और टूरिज्म को बढ़ावा देना है। आगरा पर्यटन की दृष्टि से विश्व स्तरीय शहर है। इस बार 8 फरवरी, 2026 को भारत ही नहीं दूसरे देशों से भी धावक भाग लेंगे।

**मैराथन जीतकर अस्थमा को हराया**

आगरा। दूसरी प्रोमो रेस में गाजियाबाद से भाग लेने आए 'इनसाइड रनिंग माइंड्स' पुस्तक के लेखक और पिछले वर्ष आगरा ताज हाफ मैराथन के विजेता रहे 61 वर्षीय राज जी ने बताया कि उनको अस्थमा था लेकिन जब उन्होंने पहली बार 21 किलोमीटर की मैराथन में भाग लिया तो न केवल मैराथन जीता बल्कि अस्थमा को भी हमेशा के लिए हरा दिया।

**इन्होंने निभाई महती भूमिका**

प्रोमो रेस के पूरे रूट पर धावकों के लिए हाइड्रेशन और सड़क सुरक्षा की दृष्टि से गोपाल शर्मा, गोपाल अग्रवाल, डॉ. विकास मित्तल और डॉ. एन एस लोधी ने पूरी व्यवस्था सँभाली। वहीं जोनल पार्क में महेश सारस्वत और आवेग मित्तल जी ने सभी व्यवस्थाओं को सँभाल कर कार्यक्रम को सफल बनाया। विकल्प वशिष्ठ, अजय यादव, उमेश यादव, जय यादव और परमजीत सिंह ने जोनल पार्क में रजिस्ट्रेशन डेस्क के साथ-साथ धावकों के खानपान की व्यवस्था को बखूबी सँभाला।

**यह भी रहे शामिल**

इस दौरान आगरा ताज हाफ मैराथन- 2026 आयोजन समिति के प्रदीप यादव, कमलकांत, संकल्प वशिष्ठ, ईशू कुलश्रेष्ठ और भरत सारस्वत भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।




## गोकुलपुरा से जीवनी मंडी तक निकाली खाटू श्याम पदयात्रा

एनएनआई

**आगरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा ग्यारस के पावन शुभ अवसर पर बाबा श्री श्याम खाटू श्याम जी शोभा यात्रा गोकुलपुरा अशोकनगर पृथ्वीनाथ मंदिर से राजा मंडी सेंट जॉन्स चौराहा घटिया होते हुए जीवनी मंडी खाटू श्याम मंदिर पदयात्रा निकाली गई। इसमें स्वयंसेवक शिवम कुमार, शिवा नगर विस्तारक कपिल अवस्थी, समाजसेवी गोपाल सिंह ठाकुर, महानगर युवा मोर्चा उपाध्यक्ष ललित शर्मा, भाजपा युवा मोर्चा कार्य समिति सदस्य अंकुर ठाकुर, प्रिंस, अभिषेक पंडित, आकाश शर्मा, दिव्या सिंह, चिंकी नरवर, श्याम परिवार के सदस्य वीरेंद्र कुमार वंदना सिंह आदि श्याम भक्त मौजूद रहे।

## 23 से 29 नवम्बर तक बहेगी भक्ति की गंगा



एनएनआई


**आगरा।** आगरा में 23-29 नवम्बर तक भक्ति की गंगा बहने जा रही है। अवधपुरी ए ब्लॉक स्थित महारानी बाग में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन भक्ति भाव के साथ किया जाएगा। कथा वाचक दिनेश दीक्षित जी महाराज प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक श्रीहरि की महिमा का कथा कहेंगे। कथा से एक दिन पूर्व 22 नवंबर को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें बैंड बाजों से भजन कीर्तन करते हुए भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

यह जानकारी आज आयोजन समिति के पदाधिकारियों डॉ. जीएस राणा, अनीता राणा, संयोजक अरुण प्रताप सिंह ने सिम्बोजिया गर्ल्स कॉलेज में आयोजित आमंत्रण पत्र विमोचन में दी। साथ ही शहरवासियों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। बताया कि 22 नवम्बर को सुबह 11 बजे कथा स्थल महारानी बाग से प्रारम्भ होकर क्षेत्र में भ्रमण करते हुए पुनः महारानी बाग पहुंचकर विश्राम लेगी। व्यासपीठाचार्य दिनेश दीक्षित द्वारा सात दिवसीय कथा प्रवचन प्रस्तुत किए जाएंगे। प्रथम दिन श्रीभागवत कथा का महत्व, धुंधकारी की कथा, दूसरे दिन मंगलाचरण, सोनक जी द्वारा शिवजी के साथ प्रश्नोत्तरी, नारद जी के पूर्व जन्म की कथा, तीसरे दिन राजा परीक्षित को श्राप, शुकदेव जी का आगमन, विदुर, सति चरित्र, चौथे दिन, ध्रुव चरित्र, भगवान के अवतारों की कथा, जड़ भक्त, भक्त प्रह्लाद की कथा, पांचवें दिन समुन्द्र मंथन, वामन अवतार, श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं, छठे दिन रासलीला, कंस वध, रुकमणी विवाह, सातवें दिन सुदामा चरित्र, भगवान कृष्ण-उद्धव संवाद, राजा परीक्षित को मुक्ति की कथा होगी। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा का लाभ लेने की अपील की है। इस अवसर पर मुख्य रूप से . विपिन परमार सत्येंद्र कटारा अरविंद दुबे. आदि उपस्थित थे।



# प्रिल्यूड के वार्षिकोत्सव में दिखा 'अतुल्य भारत'

## बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से पेश किया संस्कृति, विज्ञान और एकता का अद्भुत संगम







एनएनआई

**आगरा।** किसी भी विद्यालय का वार्षिकोत्सव उसकी उपलब्धियों, संस्कृति और सृजनशीलता का प्रतीक होता है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। इस वर्ष की थीम थी - अतुल्य भारत के रंग, प्रिल्यूड के संग, जिसके अंतर्गत भारत की विविध संस्कृति, परंपरा और वैज्ञानिक प्रगति का मनमोहक चित्रण प्रस्तुत किया गया।





कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जल योद्धा के नाम से प्रख्यात पद्मश्री से सम्मानित श्री उमा शंकर पांडे जी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसिद्ध शिक्षाविद व मुनि इंटरनेशनल स्कूल, दिल्ली के संस्थापक श्री अशोक कुमार ठाकुर जी, विद्यालय के निदेशक डॉ. सुशील गुप्ता, निदेशिका सुनीता गुप्ता, प्राचार्य अरविंद श्रीवास्तव ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। सर्वप्रथम स्वागत गीत के पश्चात नर्सरी से कक्षा 1 के विद्यार्थियों द्वारा अतुल्य भारत की झलकियों से सफर प्रारंभ हुआ। अतुल्य भारत एक्सप्रेस नामक यह प्रतीकात्मक ट्रेन दिल्ली स्टेशन से रवाना होकर क्रमशः हरियाणा, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, गुजरात, गोवा, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, सहित उत्तर पूर्व के राज्यों और अंत में उत्तर प्रदेश में आकर रुकी। हर पड़ाव पर विद्यार्थियों ने उस राज्य की संस्कृति, परिधान, लोकनृत्य, संगीत और विशेषता को बड़ी खूबसूरती से मंच पर प्रस्तुत किया।

पूरे कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि भारत अनेक भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं के बावजूद एक सूत्र में बंधा हुआ देश है और यही सच्चे अर्थों में अतुल्य भारत है। कार्यक्रम का जोशपूर्ण व सफल संचालन सटीक उच्चारण और आत्मविश्वास के साथ आरिका पुरोहित, अर्नव गर्ग, कायशा शमसी, गौरी सिंह, काव्या अग्रवाल, ऐना शर्मा, कर्निका गुप्ता, हेमंत चौधरी, वैष्णवी सिसोदिया, द्रविन अरोड़ा, गौरांगी गर्ग, इशिता सिंह, अर्शिया मखीजा, रिया हिरानी, श्रुति चंद्रा ने अत्यंत प्रभावशाली रूप में किया।

इस अवसर पर सत्र 2024-25 की वार्षिक आख्या प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक, क्रीड़ा, सांस्कृतिक और सामाजिक उपलब्धियों की जानकारी दी गई व सी.बी.एस.ई. की दसवीं तथा बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने आर्शीवचन देते हुए कहा कि भारत की पहचान उसकी संस्कृति, परंपरा और विविधता में निहित है। द्यअतुल्य भारत एक्सप्रेसद्ध जैसी प्रस्तुति बच्चों के मन में अपने देश के प्रति गौरव और प्रेम की भावना उत्पन्न करती है। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि आज के कार्यक्रम ने यह सिद्ध किया कि जब शिक्षा में संस्कृति, सृजन और संवेदनशीलता का संगम होता है, तब भारत सचमुच अतुल्य बन जाता है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि भारत अपनी संस्कृति, सभ्यता और शिक्षा के मूल्यों के कारण द्यअतुल्यद्ध कहलाता है। बच्चों की प्रस्तुति ने सिद्ध किया कि विविधता ही भारत की वास्तविक शक्ति है। कार्यक्रम का समापन देश भक्ति से रंगे फिनाले गीत 'देश रंगीला' के साथ हुआ, जिसने पूरे वातावरण को जोशपूर्ण, उत्साह और गर्व से भर दिया। अभिभावकों ने विद्यालय की अनुशासित, रचनात्मक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना की। समस्त विद्यालय परिवार के पारस्परिक सहयोग से वार्षिकोत्सव एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया।



## पोली किड्स के 'हैप्पी स्ट्रीट' में बच्चो ने मचाया धमाल

एनएनआई

**आगरा।** दयालबाग स्थित द पोली किड्स स्कुल में बाल दिवस के अवसर पर 'हैप्पी स्ट्रीट' कार्यक्रम का आयोजन एकता पार्क एलोरा एन्क्लेव में किया गया। निदेशक रश्मि अग्रवाल ने बताया कि नन्हे मुन्ने बच्चो के लिए आयोजित प्रोग्राम में टंग ऑफ वॉर, लेमन रेस, म्यूजिकल चैयर जैसे खेल खिलाये गए। मैजिक शो में जादूगर द्वारा एक से बढ़कर एक जादू दिखाए गए। म्यूजिक की धून पर राइम्स और पोइम के माध्यम से बच्चो को मस्ती और धमाल कराया गया। किसी बच्चे ने कविता सुनाई, तो किसी ने लतीफा सुनाकर सबको खूब हँसाया। बच्चो के साथ अभिवावक भी बच्चो के साथ फन गेम में खेलने से पीछे नहीं रहे। संचालन दीपक जैन ने किया। इस अवसर पर सेंटर हैड दीर्धा सूद, काजोल बंसल, निशि सक्सेना, स्नेहा कुमारी आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय मिर्गी दिवस पर चिकित्सक करेंगे जागरूक

**आगरा एनएनआई।** भारत में राष्ट्रीय मिर्गी दिवस हर साल 17 नवंबर को मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य मिर्गी के बारे में जागरूकता बढ़ाना, इसके बारे में फैली भ्रांतियों को दूर करना और इस बीमारी से पीड़ित लोगों के लिए समर्थन और समझ को बढ़ावा देना है। न्यूरोलॉजिकल सोसायटी आगरा एवं यूपी-यूके न्यूरोसाइंस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में 17 नवंबर को राष्ट्रीय मिर्गी दिवस पर आगरा के चिकित्सक सैकड़ों लोगों को जागरूक करेंगे।

डॉ. अरविंद अग्रवाल और डॉ. आलोक अग्रवाल ने बताया कि सोमवार को राष्ट्रीय मिर्गी दिवस पर आगरा के जाने-माने न्यूरो सर्जन और न्यूरो फिजिशियन अपने-अपने क्लीनिक और हॉस्पिटल पर दिनभर मरीजों और उनके तीमारदारों को जागरूकता पत्रक वितरित करके जागरूक करेंगे। डॉ. संजय गुप्ता और डॉ. विनय अग्रवाल ने बताया कि आज शाम को महात्मा गाँधी मार्ग स्थित होटल ब्लू सफायर में एक अवेयरनेस सेमिनार का आयोजन किया जाएगा।




## साई चिन्ता हरण मंदिर से पहली निःशुल्क साई शिरडी यात्रा 20 को होगी रवाना

एनएनआई

**आगरा।** साई चिन्ता हरण मंदिर, बहरामपुर, मुड़ी चौराहा, आगरा से पहली निःशुल्क साई शिरडी यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा ट्रेन द्वारा 20 नवम्बर 2025 से 24 नवम्बर 2025 तक सम्पन्न होगी। यह यात्रा सामाजिक सेवा एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के उद्देश्य से मंदिर समिति द्वारा पूर्णतः निःशुल्क कराई जा रही है।

रविवार को हुई प्रेस वार्ता में संस्थापक कृष्णा साईं ठाकुर और संरक्षक विनीता देवी ने बताया कि पहली बार मंदिर की ओर से इतनी बड़ी धार्मिक यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालुओं की सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ की गई हैं। उन्होंने कहा कि साई बाबा के आशीर्वाद से यह यात्रा भक्तों के लिए अविस्मरणीय और आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करेगी।

प्रेस वार्ता के दौरान द्वारिका नाथ गुम्बर, डॉ. एल.एस. यादव, मंजीत सिंह, विजय, राहुल ठाकुर, नवल, देव सरन पुजारी, राजन लाल, चेतन अग्रवाल, राकेश कुमार वर्मा, अखिलेश शर्मा, आशीष कुमार, विकास गोयल, मनोज कुमार, पवन वर्मा, प्रिंस ठाकुर, संजीव तोमर, अवनिद्रा यादव, राजीव कुमार आदि शामिल रहे।

मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से इस यात्रा में सम्मिलित होकर साईं बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।



## मंदिर कारीडोर की धीमी प्रगति पर पूर्व मंत्री अरिदमन ने जताई नाराजगी, गुणवत्ता पूर्ण काम के दिए निर्देश

एनएनआई

**बाह।** बटेश्वर में 106 करोड़ की लागत से हो रहे धार्मिक पर्यटन विकास का निरीक्षण रविवार की शाम प्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री एवं तीर्थ स्थल ट्रस्ट बटेश्वर के चेयरमैन अरिदमन सिंह ने किया। मंदिर कारीडोर का निरीक्षण करते समय तकनीकी खामी मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। ठेकेदारों को निर्माण की गुणवत्ता मानक के अनुसार रखने के निर्देश दिए। मंदिर और घाटों से लेकर कारीडोर तक के निर्माण की धीमी प्रगति पर भी उन्होंने नाराजगी जताई। काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिससे समय पर पर्यटन विकास का काम पूरा हो सके। उन्होंने कहा कि लापरवाही सहन नहीं होगी। इस दौरान ठेकेदार श्रीनिवास गोयल, इंजीनियर सुधीर चौधरी, बिंटू सिंह, पीयूष गुप्ता, आलोक गर्ग, वीके सिंह, ब्लॉक प्रमुख लाल सिंह चौहान, पूर्व ब्लॉक प्रमुख आनंद पाल सिंह, भूपेन्द्र सिंह भदौरिया, सोनू प्रधान, मनमोहन पांडेय, सुशील भदौरिया, पुलकित भदौरिया, रिंका भदौरिया आदि रहे।

# सवारियों से भरी मैक्स पलटी, चीख-पुकार मची

एनएनआई

**पिनाहट।** थाना क्षेत्र के चंबल नदी घाट पर बुधवार दोपहर सवारी से भरी एक अवैध डग्गेमार मैक्स अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के साथ ही मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। पलटी मैक्स के नीचे एक मोटरसाइकिल भी दब गई, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई।

सूचना मिलते ही 112 पुलिस टीम और स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुँची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। हादसे में कई यात्री घायल हुए, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए सीएचसी पिनाहट भेजा गया। घायलों में लटूरी सिंह (55) निवासी बिंजला, मध्य प्रदेश और श्रीमती मोहरश्री निवासी उसेत, चंबल घाट (मध्य प्रदेश) प्रमुख रूप से शामिल हैं। दोनों का इलाज सीएचसी में जारी है।



स्थानीय लोगों के अनुसार चंबल घाट पर लंबे समय से अवैध डग्गेमार वाहन धड़ल्ले से सवारियाँ ढोते हैं। क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाकर तेज रफ्तार में चलने वाले ये वाहन लगातार हादसों को दावत दे रहे हैं। कई शिकायतों के बावजूद इन पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है।

पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त मैक्स को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि हादसा चालक की लापरवाही, ओवरलोडिंग या किसी तकनीकी खराबी के कारण हुआ।

## यमुना में डूबते युवक को नाविकों ने बचाया



**बाह** एनएनआई। बटेश्वर में रविवार को दोपहर में बटेश्वर के घाट पर झांसी का सुरेन्द्र अपनी मां शिवकुमारी के साथ यमुना स्नान को पहुंचा। नहाते समय सुरेन्द्र गहरे पानी में डूबने लगा। जिस पर शिवकुमारी ने बचाओ बचाओ का शोर मचा दिया। चीख पुकार पर नदी में कूदे नाविकों ने सुरेन्द्र को खींचा और नाव की मदद से घाट तक ले आए। सूचना पर बटेश्वर की पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस द्वारा हड़काए जाने पर युवक हाथ जोड़ कर माफी मांगने लगा। जिस पर पुलिस ने मां के साथ उसे घर भेज दिया।

# पट्टेदारों को अब तक नहीं मिला कब्जा, जिम्मेदारों पर लापरवाही के आरोप

एनएनआई

**किरावली।** गांव सीकरी चार हिस्सा के 20 ग्रामीणों को विगत वर्ष 2016 में आवासीय पट्टे आवंटित हुए थे, जिनमें से केवल आठ लोगों को ही कब्जा मिल सका है। शेष 12 पट्टेदार–जमील खान, हनीफ, फिरोज, रफीक, प्रवीन बेगम, दिब्बो, दीपेंद्र सहित अन्य लोग आज तक राजस्व विभाग की ढिलाई के चलते आवंटित भूमि पर कब्जा नहीं पा सके। वर्ष 2018 में पट्टों को निरस्त कराने के लिए दायर आपत्ति को एडीएम प्रशासन ने 2019 में खारिज कर पट्टेदारों के पक्ष में फैसला भी दे दिया था, लेकिन इसके बावजूद तहसील प्रशासन कब्जा दिलाने में नाकाम रहा। इससे पट्टेदार वर्षों से



कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। किसान मजदूर नेता चौधरी दिलीप सिंह के नेतृत्व में पीड़ित ग्रामीणों ने 13 नवंबर से डीएम अरविंद मल्लप्पा को ज्ञापन देकर सदर तहसील परिसर में धरना शुरू कर दिया है। आंदोलन के चौथे दिन तहसीलदार दीपांकर, लेखपाल धीरेन्द्र परिहार, युवराज सिंह और अभिनव शर्मा धरना स्थल पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि एसडीएम किरावली नीलम तिवारी ने नायब तहसीलदार चर्चिता गौतम सहित टीम गठित कर दी है, और बुधवार को राजस्व टीम व पुलिस बल मौके पर जाकर सभी पट्टेदारों को कब्जा दिलाया जाएगा। तहसीलदार किरावली ने धरना समाप्त करने की अपील की, लेकिन चौधरी दिलीप सिंह ने साफ कहा–कब्जा मिलने के बाद ही धरना खत्म होगा।

## सास ने बहू एवं मायके वालों के खिलाफ दी तहरीर, 5 के विरुद्ध केस दर्ज

**किरावली** एनएनआई। किरावली के बार्ड नं07 निवासी हर देवी पत्नी स्वर्गीय रतन सिंह ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि उसके बेटे बंटी की पत्नी सुधा निवासी फिरोजाबाद आरोप है कि सास से किसी बात को लेकर मारपीट कर दी। जब पीड़िता मां ने अपने बेटे बंटी को बताया तो बंटी ने अपनी मां की बीमारी का हवाला देते हुए पत्नी सुधा को समझाने पर भी नहीं मानी और दूसरे दिन 12 नवम्बर को अपने मायके फिरोजाबाद फोन कर दिया तो उसके मायके वाले आ गए इसके बाद सुधा की मां धनदेवी, पिता सत्यवीर,भाई राहुल और लवकुश,आ गये आरोप है कि मेरे बेटे बंटी एवं मेरे साथ गाली गलौज एवं मारपीट करने लगे। विरोध करने पर तोड़फोड़ करने लगे आरोप है कि सुधा के मायके वालों ने घर छोड़ने और मेरे बेटे को जान से मारने की धमकी दी इसके बाद बहू सुधा घर से ज्वैलरी एवं अन्य सामान ले गई पीड़िता की तहरीर पर बहू सुधा सहित पांच के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

## इच्छेश्वर महादेव आश्रम का निरीक्षण, विकास कार्यों का मिला आश्वासन



**पिनाहट** एनएनआई। नगर पंचायत पिनाहट के अध्यक्ष प्रतिनिधि ने मंगलवार को इच्छेश्वर महादेव आश्रम, पूरनपुरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आश्रम परिसर की वर्तमान स्थिति, सुविधाओं की कमी और आवश्यक विकास कार्यों का जायजा लिया गया। अध्यक्ष प्रतिनिधि ने आश्रम के कायाकल्प का आश्वासन देते हुए बताया कि जल्द ही आश्रम में इंटरलॉकिंग खरंजा, वृक्षारोपण, पानी की टंकी, तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं का कार्य कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि आश्रम को बेहतर स्वरूप देने के लिए चरणबद्ध तरीके से सभी जरूरी व्यवस्थाएं की जाएंगी। स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने निरीक्षण एवं दिए गए आश्वासनों का स्वागत किया और आशा जताई कि प्रस्तावित कार्य पूरे होने से आश्रम क्षेत्र का स्वरूप बदलेगा और श्रद्धालुओं को अधिक सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। इस दौरान महाकाल संगठन के रनवीर सिंह भदौरिया, सुमित देपुरिया, छोटू महेरे, विजय पांडे, सुमित शुक्ला, प्रदीप महेरे , आदि लोग मौजूद रहे

# एसआईआरः एसडीएम ने माइक से किया मतदाताओं को प्रेरित

एनएनआई

**किरावली।** तहसील क्षेत्र के दर्जनों गाँव में रविवार को एसडीएम नीलम तिवारी ने घर घर जाकर, विशेष मतदाता पुनरीक्षण महाअभियान चलाया गया। यह अभियान माननीय निर्वाचन आयोग के निदेशों के क्रम में आयोजित किया जा रहा है। एसडीएम द्वारा माइक के द्वारा बीएलओ व खुद ने गांव गांव जाकर अलाउंस करते हुए लोगों को जागरूक एस आई आर एवं वोटर लिस्ट के लिए जागरूक किया, खेड़िया, अख्वाई, गहर्रा ,बघा, जैगारा, बैमन, कस्बा किरावली, महुअर, नगला कुर्रा सहित दर्जनों गाँवों में घर घर जाकर अभियान



चलाया। अभियान के तहत, एसडीएम द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्र प्राप्त होने की जानकारी ली बीएलओ घर घर आने की जांच पड़ताल करते हुए मतदाताओं को गणना पत्र भरने की जानकारी दी। साथ ही, उन्हें मतदान प्रक्रिया और संबंधित नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी गई। इस दौरान, उपजिलाधिकारी किरावली नीलम तिवारी ने मौजूद महिलाओं एवं पुरुषों को एफआईआर (रफ्फ़) के बारे में भी जानकारी दी। इसके अलावा एसडीएम तिवारी ने ग्रामीणों से बीएलओ के कार्यों और फॉर्म वितरण प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने सुनिश्चित किया कि सभी कार्य निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार हों।

एसडीएम ने बीएलओ से यह भी सुनिश्चित किया कि, मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की लापरवाही और अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बता दें कि, एसआईआर मतदाता सूची व्यापक पुनरीक्षण का हिस्सा है। इसके तहत नई मतदाता सूची तैयार करने के लिए घर-घर जाकर गणना की जाती है।

## संपादकीय

# बिहार जनादेश के सन्देश

बिहार ने इस बार भाजपा-एनडीए को प्रचंड, ऐतिहासिक और अप्रत्याशित जनादेश दिया है। यह नीतीश के राजनीतिक करियर की शानदार उपलब्धि है, क्योंकि जनता दल-यू ने 2020 की तुलना में लगभग दोगुनी सीटों पर जीत हासिल की है। भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। बिहार में इतने एकतरफा नतीजे की उम्मीद किसी को नहीं रही होगी हालांकि प्रचार के दौरान विपक्षी महागठबंधन को जैसा समर्थन मिलता दिखा था, उससे यही लगा कि चुनावी मुकाबला एकतरफा साबित नहीं होने वाला है और राजद-कांग्रेस तथा अन्य सहयोगी दलों का महागठबंधन चुनाव में राजग को एक मजबूत चुनौती देने वाला है। मगर अब आए नतीजों से यह साफ है कि बिहार के चुनावी मैदान में मतदाताओं को आकर्षित करने और उनका मत हासिल करने के मामले में सत्ताधारी गठबंधन के सामने कोई बड़ी चुनौती नहीं थी।

चुनाव प्रचार के दौरान जो लड़ाई टक्कर की दिख रही थी, वह आखिर में केवल भ्रम साबित हुई। विपक्ष की राजनीति और विधानसभा चुनावों में जीत के लिए किए गए प्रयासों के लिहाज से देखें तो ये नतीजे उनके लिए अप्रत्याशित हैं, क्योंकि प्रचार के दौरान सभाओं और रैलियों में उन्हें लोगों का जैसा व्यापक समर्थन मिलता दिखा था, वह शायद वोट में तब्दील नहीं हो सका। ऐसा लगता है कि राज्य के लोगों की राय पर भविष्य के लिए किए गए वादों के बजाय महिलाओं को तुरंत मिली आर्थिक राहत का मुद्दा ज्यादा भारी पड़ा और उसने चुनाव में मतदान के रुख को तय करने में एक प्रमुख कारक के रूप में काम किया। राजद और उसके सहयोगी दल शायद जनता को यह भरोसा दिला पाने में कामयाब नहीं हो सके कि सरकार बनने पर उनके वादे वास्तव में जमीन पर उतर सकेंगे। जनता ने न महागठबंधन के बदलाव के नारे पर यकीन किया और न ही प्रशांत किशोर की अलग राजनीति पर भरोसा जताया। नीतीश कुमार के लिए 20 बरसों में यह पहला विधानसभा चुनाव था, जहां वह गठबंधन का तो चेहरा थे, पर सीएम पद के उम्मीदवार नहीं। उनके खराब स्वास्थ्य को लेकर भी अटकलें होती रहीं। लेकिन, परिणाम ने साबित किया है कि नीतीश अब भी बिहार के सबसे बड़े पॉलिटिकल ब्रांड हैं। वह अब तक नौ बार सीएम पद की शपथ ले चुके हैं, कई बार उन्होंने पाला बदला, लेकिन जनता का यकीन उन पर बना हुआ है। इसकी बड़ी वजह उनकी बेदाग छवि भी है।

यह चुनाव याद रहेगा फ्रीबीज की घोषणा के लिए। पहली बार बिहार ने इस तरह के ऐलान देखे, जहां दोनों तरफ से होड़ मची हुई थी। दोनों खेमों ने महिलाओं और युवाओं पर फोकस किया। आमतौर पर महिलाओं को शराबबंदी की वजह से नीतीश समर्थक माना जाता है। फिर चुनाव से ऐन पहले करीब डेढ़ करोड़ महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपये भेजे गए, जो अहम फैक्टर साबित हुआ। तेजस्वी ने हर घर में सरकारी नौकरी का वादा जरूर किया, लेकिन यह सवाल आखिर तक उनके पीछे लगा रहा कि वह इसे पूरा कैसे करेंगे। जनसुराज, एआईएमआईएम और दूसरे छोटे दलों को निराशा मिली। प्रशांत किशोर के लिए खासकर यह बड़ा झटका है। हालांकि उनकी पार्टी के लिए यह पहला मौका जरूर था, लेकिन वह कई दूसरे दलों को चुनाव लड़ा चुके हैं ,इसी वजह से उन्हें लेकर उत्सुकता ज्यादा थी। उन्होंने भ्रष्टाचार और पलायन जैसे मुद्दों को बहस के केंद्र में लाने की कोशिश की, पर जनता ने स्थिरता को तवज्जो दी। राजद और कांग्रेस के लिए यह समय आत्ममंथन का है। क्या आखिर तक सीटों पर तालमेल न हो पाना भारी पड़ा। इसका जवाब आने वाले चुनावों में बेहतर प्रदर्शन के लिए जरूरी है। भाजपा-एनडीए जनादेश महज दस हजारी महिलाओं के बंपर समर्थन का ही जनादेश नहीं है, बल्कि यह बिहार के अधिसंख्य अगड़ों-सवर्णों, पिछड़ों-अति पिछड़ों, दलितों-महादलितों, युवाओं-बुजुर्गों और यहां तक कि मुसलमानों का भी जनादेश है।

बेशक यह स्वीप जनादेश है। बिल्कुल कल्पनातीत जनादेश है। अब नीतीश को बिहार का नया जननायक मानना चाहिए।यकीनन नीतीश उस जमात और पीढ़ी के अंतिम नेता हैं, जिसने जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में, संपूर्ण क्रांति के बैनर तले, राजनीति की शुरुआत की थी। जॉर्ज फर्नांडीज, शरद यादव, कपूरी ठाकुर, रामविलास पासवान आदि की पीढ़ी दिवंगत हो चुकी है, लालू यादव अस्वस्थ हैं, नीतीश ही शेष हैं, जिन्हें इस ऐतिहासिक जनादेश के बाद जननायक करार देना चाहिए। यह बिहार में नीतीश की स्वीकार्यता और प्रधानमंत्री मोदी की आम आदमी के बीच लोकप्रियता की ही प्रचंड जीत है। बिहार में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा-एनडीए ने यह लगातार, पांचवां चुनाव जीता है।

बहरहाल यह चुनाव अतुलनीय साबित हुआ, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनकी लगातार मदद कर रहे प्रधानमंत्री मोदी के लिए, कई चुनौतियां हैं। पलायन सबसे संवेदनशील मुद्दा है, जिससे रोजगार प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा है। बिहार में 3 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी-रेखा से ऊपर किया गया है, लेकिन अब भी 33 फीसदी से अधिक आबादी ह्यगरीबह्व है। बिहार सबसे युवा राज्य है, जहां 58 फीसदी आबादी की औसत उम्र 32 साल है। एनडीए ने एक साल के भीतर बिहार को बाढ़-मुक्त करने का वायदा किया है। यह समस्या तब से है, जब देश आजाद भी नहीं हुआ था, लिहाजा यह ब्लू प्रिंट सामने आना चाहिए कि बिहार बाढ़-मुक्त कैसे होगा।



डॉ. शिल्पा जैन (ज्योतिषाचार्य)

# मार्गशीर्ष अमावस्या

19 और 20 नवंबर को अगहन अमावस्या (मार्गशीर्ष अमावस्या) है। तिथियों की घट-बढ़ की वजह से ये तिथि दो दिन रहेगी। मार्गशीर्ष मास को स्वयं भगवान श्रीकृष्ण का स्वरूप माना जाता है, जैसा कि भगवान ने श्रीमद्भगवद्गीता में कहा है- मासों में मैं मार्गशीर्ष हूं। इस कारण इस महीने की अमावस्या का महत्व और भी बढ़ जाता है। ज्योतिषाचार्य के मुताबिक, अमावस्या तिथि 19 नवंबर की सुबह 09:43 बजे शुरू होगी और 20 नवंबर की दोपहर 12:16 बजे खत्म होगी। जो लोग उदयातिथि के अनुसार ये पर्व मनाते हैं, वे 20 नवंबर स्नान-दान कर सकते हैं। पितृ कर्म जैसे श्राद्ध और तर्पण करना चाहते हैं तो 19 नवंबर की दोपहर में ये कर्म किए जा सकते हैं।

## अगहन अमावस्या से जुड़ी मान्यताएं

अगहन अमावस्या का महत्व कार्तिक अमावस्या दीपावली जैसा ही है। इस तिथि पर किए गए धर्म-कर्म से भगवान विष्णु, श्रीकृष्ण और पितरों की कृपा प्राप्त की जा सकती है।

ये तिथि विशेष रूप से पितरों को समर्पित है। मान्यता है कि अमावस्या तिथि पर पितर देवता पितृलोक से धरती पर आते हैं और अपने कुटुंब के लोगों के घर जाते हैं। इसलिए इस दिन श्राद्ध, तर्पण, पिंडदान कर्म करने से पितरों की आत्मा को शांति मिलती है। जिन लोगों की कुंडली में पितृ दोष है, उन्हें अमावस्या पर पितरों से जुड़े धर्म-कर्म जरूर करना चाहिए।

इस तिथि पर गंगा, यमुना, नर्मदा, शिप्रा जैसी पवित्र नदियों में स्नान करने की परंपरा है। जो लोग नदी स्नान नहीं कर पा रहे हैं, वे घर पर ही पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान कर सकते हैं। ऐसा करने से भी तीर्थ स्नान के समान पुण्य मिल सकता है।

इस दिन अपने इष्टदेव की पूजा करें। मंत्र जप करें। अपने सामर्थ्य के अनुसार दान करें।

मार्गशीर्ष मास भगवान श्रीकृष्ण का प्रिय मास है, इसलिए इस दिन उनकी विशेष पूजा जरूर करें। पूजा में कृं कृष्णाय नमः मंत्र का जप करें। बाल गोपाल का अभिषेक करें। माखन-मिश्री का भोग तुलसी के साथ लगाएं।

अमावस्या पर चंद्र देव की पूजा का भी विधान है। इस दिन शिवलिंग पर विराजित चंद्र देव की विशेष पूजा करनी चाहिए। ऐसा करने से कुंडली के चंद्र दोषों का असर कम होता है।

इस दिन महालक्ष्मी और भगवान विष्णु का पूजन करना भी शुभ होता है, ऐसा करने से घर में सुख-समृद्धि और शांति बनी रहती है।

इस दिन सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करना चाहिए। स्नान के बाद सूर्य देव को जल अर्पित करें। पितरों की कृपा पाने के लिए गाय, कुत्ता, कौवा, देव आदि के लिए भोजन निकालना चाहिए। जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र, कंबल, गुड़, घी, तिल, तिल के लड्डू, या धन का दान करें।

पीपल के वृक्ष में भगवान विष्णु और पितरों का वास माना जाता है। अगहन अमावस्या पर पीपल के पेड़ पर कच्चा दूध और जल चढ़ाएं। शाम के समय पीपल के नीचे सरसों या तिल के तेल का दीपक जलाएं और परिक्रमा करें।

# बच्चों की नजर उतारने के लिए करें ये 5 सरल उपाय

कई बार छोटे बच्चे अकारण ही बीमार पड़ जाते हैं, चिड़चिड़े हो जाते हैं या बहुत ज्यादा रोने लगते हैं। ऐसे असामान्य व्यवहार के पीछे का कारण नजर दोष भी हो सकता है। दरअसल छोटे बच्चे नजर दोष से अधिक जल्दी प्रभावित होते हैं। ज्योतिष के अनुसार, जिन बच्चों की कुंडली में चंद्रमा कमजोर होता है, उन्हें नजर जल्दी लगती है। इसके अलावा बच्चे स्वभाव से कोमल, आकर्षक और सरल होते हैं, इसलिए वे जल्दी ध्यान खींचते हैं और नजर बद का प्रभाव अधिक महसूस करते हैं। ज्योतिष में इस नजर दोष से बचने के कुछ आसान उपाय बताए गए हैं, जिन्हें अपनाकर आप उन्हें इस समस्या से बचा सकते हैं। अगर आपके बच्चों को अक्सर नजर दोष का सामना करना पड़ता है, तो यह उपाय आपके लिए बड़े लाभकारी साबित हो सकते हैं। आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।



**तांबे के लोटे का उपाय**

यदि बच्चे को नजर लगी हो, तो वह चिड़चिड़ापन, उदासी या हल्का बुखार जैसी स्थिति महसूस कर सकता है। ऐसे में तांबे के लोटे में पानी और ताजे फूल लेकर, बच्चे के सिर से 7 या 11 बार उतारें। इसके बाद यह पानी किसी गमले या पौधे में डाल दें।

**नमक से नजर उतारना**

मान्यता है कि चुटकीभर नमक लेकर उसे बच्चे के सिर से सात बार उतारने के बाद टॉयलेट के पानी में बहा देने से नजर दोष का असर समाप्त होता है।

**सूखी मिर्च और सरसों का प्रयोग**


सूखी मिर्च और सरसों के दाने लेकर उन्हें बच्चे के सिर से वार लें, फिर इन्हें बाहर किसी अंगारे पर जला दें। अगर जलने पर तेज गंध आए तो समझें सब ठीक है, लेकिन गंध न आने का मतलब है कि बच्चे पर नजर का असर था।

**सिंदूर का उपाय**

यदि बच्चे को बार-बार नजर लग जाती है, तो शनिवार को किसी हनुमान मंदिर जाएं। हनुमानजी की मूर्ति के कंधे का थोड़ा सिंदूर लेकर प्रतिदिन बच्चे के माथे पर लगाएं। इससे नजर दोष का प्रभाव काफी कम हो जाता है।

**फिटकरी और सरसों का उपाय**

बार-बार नजर लगने से बच्चे का विकास भी प्रभावित हो सकता है। ऐसे में फिटकरी और सरसों लेकर बच्चे के सिर से सात बार वारें और फिर इन्हें गैस की आंच पर जला दें। मान्यता है कि इससे नजर दोष का प्रभाव समाप्त होता है।



## सबको पहले बेटा चाहिए, एशियन घरों और बॉलीवुड में तो यह आम बात है

# कंगना रनोट


बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस और भाजपा सांसद कंगना रनोट इन दिनों अपनी फिल्मों से ज्यादा अपने बयानों की वजह से चर्चा में बनी हुई हैं। एक बार फिर उनका एक बयान सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने बेटे की चाहत और एशियन घरों में बेटी-बेटे के बीच भेदभाव को लेकर खुलकर बात की है। इस बयान ने न सिर्फ बॉलीवुड बल्कि सोशल मीडिया पर भी बहस छेड़ दी है। कंगना रनोट ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि एशियन समाज में बेटी के बाद बेटे की चाहत एक आम बात है। उन्होंने कहा, "हर एशियन घर से आप कनेक्ट कर सकते हो। एक तो आपकी एक बेटी होती है और उसके बाद में एक और बेटी होती है। हो सकता है कि जो ज्यादा एजुकेटेड हैं, वो दिखाना चाहें कि उन्हें फर्क नहीं पड़ता। लेकिन मैं बता दूं, सबको फर्क पड़ता है, एक्टर्स, एक्ट्रेसेस, बड़ी फैमिलीज सबको।" कंगना ने यह भी साफ किया कि पहली बेटी के बाद भेदभाव नजर नहीं आता, लेकिन दूसरी बेटी होने पर अक्सर यह बात सामने आ जाती है। कंगना ने आगे कहा कि वह ऐसे लोगों को जानती हैं जो दावा करते हैं कि उन्हें बेटी या बेटे में कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन वास्तविकता अलग है। उनका मानना है कि चाहे वह बॉलीवुड हो या राजनीति, बड़े घराने हों या आम घर, बेटे की चाहत और बेटी के बाद भेदभाव एक आम बात है। उन्होंने यह भी बताया कि यह बात बॉलीवुड इंडस्ट्री में भी देखने को मिलती है, जहां बेटी के बाद बेटे की चाहत अक्सर ज्यादा नजर आती है।

कंगना रनोट का यह बयान सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। लोग इस बात पर अपनी राय दे रहे हैं कि आज भी बेटी-बेटे के बीच भेदभाव कितना आम है। कई लोगों ने कंगना के बयान का समर्थन किया है और कहा है कि यह बात सच है। वहीं, कुछ लोगों ने इस बात पर आपत्ति भी जताई है और कहा है कि आज के समय में ऐसी सोच बदल रही है। कंगना रनोट का यह बयान न सिर्फ बॉलीवुड बल्कि पूरे समाज के लिए एक झलक देता है कि आज भी बेटी-बेटे के बीच भेदभाव कितना आम है। उनका यह बयान लोगों को सोचने पर मजबूर कर रहा है और इस बात पर बहस छेड़ रहा है कि क्या आज भी बेटी के बाद बेटे की चाहत एक आम बात है।

# धर्मेंद्र की सेहत में सुधार, 90वां जन्मदिन धूमधाम से मनाएंगे

## परिवार ने तैयारियां शुरू कर दी, अगले महीने होगा डबल सेलिब्रेशन

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र की तबीयत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। सूत्रों? के मुताबिक, उनकी तबीयत पहले से बेहतर है और वे जल्दी ठीक होकर पूरी तरह से स्वस्थ हो जाएंगे। परिवार और डॉक्टर टीम उनकी पूरी देखभाल कर रही है। धर्मेंद्र के चाहने वालों? ने उनकी जल्द स्वस्थ होने और वापसी की दुआ की है। 8 दिसंबर 2025? को धर्मेंद्र का 90वां जन्मदिन है, जिसे वे अपने परिवार के साथ धूमधाम से मनाने वाले हैं। इस खास मौके पर देओल परिवार ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। उनके फैंस भी उत्सुक हैं कि वे स्वस्थ होकर फिर से मंच पर मुस्कुराते हुए लौटेंगे। बॉलीवुड के हीमैन के



नाम से मशहूर धर्मेंद्र की इस साल एक बड़ी फिल्म भी रिलीज हो रही है, जो इस जश्न को डबल सेलिब्रेशन बनाएगी। अक्टूबर में सांस लेने में दिक्कत होने पर धर्मेंद्र को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन अब वे अपने जुहू निवास पर डॉक्टर्स की निगरानी में हैं और दिन-प्रतिदिन बेहतर महसूस कर रहे हैं। उनकी पत्नी हेमा मालिनी और उनके करीबी सलमान खान, अमिताभ बच्चन भी उनकी जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की फिल्म इक्कीस में धर्मेंद्र अगली बार नजर आएंगे, जो 25 दिसंबर को रिलीज होगी।

# 'मेरी देसी गर्ल...'

## निक जोनस ने 'वाराणसी' फिल्म की टीम को दी बधाई, प्रियंका के हुस्न पर हुए फिदा

निक जोनस ने अपनी पत्नी प्रियंका चोपड़ा की नई फिल्म 'वाराणसी' की पूरी टीम को बधाई दी है। इसके साथ ही निक ने प्रियंका को 'मेरी देसी गर्ल' का टैग दिया। यह फिल्म एसएस राजामौली के निर्देशन में बन रही है और इसमें महेश बाबू मुख्य भूमिका में हैं। निक ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर करते हुए पूरी टीम को बधाई दी और साथ ही में लिखा, 'पूरी टीम को बधाई। यह फिल्म जरूर शानदार होगी।' इसके साथ ही निक ने प्रियंका के खूबसूरत लुक की भी तारीफ की। प्रियंका ने सफेद लहंगे में तस्वीरें शेयर की थीं, जिसमें वह बहुत सुंदर लग रही थीं। उनके लुक में चोकर, मांग टीका, चूड़ियां और लंबी चोटी शामिल थी। निक ने उनकी तस्वीर पर कमेंट किया, 'बहुत खूबसूरत' और 'मेरी देसी गर्ल।' ग्लोबट्रॉटर इवेंट के बाद प्रियंका ने अपना लुक इंस्टाग्राम पर शेयर किया और लिखा, 'अपने अंदर की देवी को बाहर निकाल रही हूं।'



पहला टेस्ट : 'लो-स्कोरिंग' मुकाबले में भारत की हार

# साउथ अफ्रीका ने बनाई 1-0 से लीड



**कोलकाता।** साउथ अफ्रीका ने भारत के खिलाफ ईडन गार्डन्स में खेले गए 'लो-स्कोरिंग' टेस्ट मैच को 30 रन से अपने नाम किया। इसी के साथ मेहमान टीम ने दो मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। सीरीज का दूसरा मैच 22 नवंबर से गुवाहाटी में खेला जाएगा। भारतीय टीम को दूसरी पारी में जीत के लिए महज 124 रन का टारगेट मिला था, लेकिन टीम इंडिया महज 93 रन ही बना सकी। कप्तान गिल गर्दन में चोट की वजह से दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे। टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी साउथ अफ्रीकी टीम पहली पारी में महज 159 रन पर सिमट गई। एडेन मार्करम ने 31 रन बनाए, जबकि वियान मुल्डर और टोनी डी जोरजी ने 24-24 रन की पारी खेली। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने सर्वाधिक 5 विकेट हासिल किए, जबकि मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव ने 2-2 विकेट निकाले। इसके जवाब में भारतीय टीम पहली पारी में महज 189 रन पर सिमट गई। इस पारी में केएल राहुल ने सर्वाधिक 39 रन बनाए, जबकि वाशिंगटन सुंदर ने 29 रन टीम के खाते में जोड़े। साउथ अफ्रीका की तरफ से साइमन हार्मर ने सर्वाधिक 4 विकेट हासिल किए, जबकि मार्को जेनसन को 3 सफलताएं हाथ लगीं। भारत के पास पहली पारी के आधार पर महज 30 रन की बढ़त थी। दूसरी पारी में कप्तान टेंबा बावुमा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे और 136 गेंदों में 4 चौकों के साथ नाबाद 55 रन बनाए, लेकिन दूसरे छोर पर कोई बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे सका। इस पारी में रवींद्र जडेजा ने चार विकेट अपने नाम किए, जबकि कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज को 2-2 विकेट हाथ लगे। तीसरे दिन की शुरूआत से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने स्पष्ट कर दिया था कि कप्तान शुभमन गिल गर्दन में चोट की वजह से मुकाबले का शेष हिस्सा नहीं खेलेंगे। ऐसे में यशस्वी जायसवाल के साथ केएल राहुल बतौर सलामी बल्लेबाज मैदान पर उतरे, लेकिन चौथी गेंद पर ही साझेदारी टूट गई। जायसवाल खाता खोले बगैर पवेलियन लौट गए। तीसरे ओवर तक केएल राहुल (1) भी आउट हो गए थे। यहां से वाशिंगटन सुंदर ने ध्रुव जुरेल के साथ तीसरे विकेट के लिए 32 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन साझेदारी टूटते ही मेजबान टीम फिर से लड़खड़ा गई। इस बीच अक्षर पटेल ने 17 गेंदों में 2 छक्कों और 1 चौके के साथ 26 रन बनाए। उन्होंने 35वें ओवर में तीन बाउंड्री जड़ी, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

## उम्मीद है, मेरी बात गौतम गंभीर सुन रहे होंगे

### ईडन गार्डन की पिच पर उठे सवालों पर गांगुली के बोल



**कोलकाता।** कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डन में भारतीय क्रिकेट टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए मैच में करारी हार का सामना करना पड़ा। 124 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही भारतीय टीम 93 रन पर सिमट गई और 30 रन से हार गई। भारत की शर्मनाक हार के बाद पिच को लेकर उठ रहे सवाल के बीच पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने टीम मैनेजमेंट और भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर के लिए बेहद अहम बात कही है। गांगुली की प्रतिक्रिया ईडन गार्डन्स की पिच को लेकर उठे विवाद के ठीक बाद आई। उन्होंने कहा कि पिच बिल्कुल वैसी ही थी जैसा टीम चाहती थी। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, भारतीय टीम मैनेजमेंट को घरेलू मैदान पर दबदबा बनाने के लिए पिचों से छेड़छाड़ करना बंद करना चाहिए। अच्छे विकेटों पर खेलो। बल्लेबाजों को 350 से अधिक रन बनाने का अवसर दो और उसी विकेट पर गेंदबाजों को विकेट लेने के लिए प्रेरित करो। भारतीय क्रिकेट में दादा के नाम से मशहूर गांगुली ने कहा कि हमें अपनी गेंदबाजी पर भरोसा करना चाहिए। हमारे पास जसप्रीत बुमराह और सिराज हैं, जो टेस्ट में बेहतरीन गेंदबाजी कर रहे हैं। मुझे लगता है कि इसमें मोहम्मद शमी को भी शामिल किया जाना चाहिए। शमी स्पिनरों के साथ मिलकर भारतीय टीम को टेस्ट में जीत दिलाने की क्षमता रखते हैं। गांगुली ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि गौतम गंभीर मेरी बात सुन रहे होंगे। पूर्व कप्तान द्वारा भारतीय टीम के हेड कोच का नाम लेना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि वे भारतीय टीम और टेस्ट के लिए विशेष पिच की मांग से खुश नहीं हैं।

एशिया कप राइजिंग स्टार्स के सेमीफाइनल में पाकिस्तान

# भारतीय टीम को 8 विकेट से मिली करारी हार

**नई दिल्ली।** एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2025 के मैच में भारतीय-ए टीम को पाकिस्तानी-ए की टीम ने 8 विकेट से हरा दिया। इस मैच में पाकिस्तान के गेंदबाजों और बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया। जीत के साथ पाकिस्तानी-ए की टीम टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। भारत ने पहले बैटिंग करते हुए कुल 136 रन बनाए। इसके बाद पाकिस्तानी-ए की टीम के लिए माज सदाकत ने कमाल का प्रदर्शन किया और अर्धशतक लगाकर टीम की जीत में अहम रोल प्ले किया। भारतीय-ए की टीम के लिए वैभव सूर्यवंशी और प्रियांश आर्या ओपनिंग करने उतरे और दोनों ही बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 30 रनों की साझेदारी की। प्रियांस ने 10 रन बनाए। इसके बाद तीसरे नंबर पर नमन धीर उतरे और उन्होंने वैभव के साथ रन बनाने की जिम्मेदारी संभाली। दूसरे विकेट के लिए दोनों बल्लेबाजों के बीच 49 रनों की साझेदारी हुई। नमन ने 20 गेंदों में कुल 35 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और एक छक्का शामिल रहा। वहीं वैभव सिर्फ पांच रनों से अपना अर्धशतक चूक गए। उन्होंने 28 गेंदों में कुल 45 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल रहे। भारतीय-ए टीम का मिडिल ऑर्डर बुरी तरह से फ्लॉप रहा और खास कमाल नहीं दिखाया पाया। रमनदीप सिंह ने 11 रन बनाए। बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन की वजह से ही भारतीय-ए की टीम पूरे 20 ओवर्स भी नहीं खेल पाई और 136 रनों पर ऑलआउट हो गई। पाकिस्तानी-ए की टीम के लिए शाहिद अजीज ने सबसे ज्यादा तीन विकेट हासिल किए। शाद मसूद और माज सदाकत के खाते में दो-दो विकेट गए। मैच में बेहतरीन गेंदबाजी और दमदार बल्लेबाजी करने के लिए माज सदाकत को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया।



### माज सदाकत ने लगाया अर्धशतक

पाकिस्तानी-ए की टीम के लिए माज सदकात ने बेहतरीन बल्लेबाजी का नमूना पेश किया। उन्होंने 47 गेंदों में 79 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और चार छक्के शामिल रहे। उनके अलावा मुहम्मद नईम ने 14 रनों का योगदान दिया। यासिर खान (11 रन) और मुहम्मद फैक ने 16 रन बनाए और वह अंत तक आउट नहीं हुए। इन प्लेयर्स की वजह से ही पाकिस्तानी-ए की टीम भारतीय-ए की टीम को हराने में सफल रही। भारत के लिए यश ठाकुर और सुयश शर्मा ने एक-एक विकेट झटका।



## सोमवार, 17 नवम्बर राशिफल

मेष राशि के जातकों को आज के दिन व्यवसाय से जुड़ी कुछ यात्रा करनी पड़ सकती है, जो आपको भविष्य में लाभ देगी। यदि आज किसी उच्चाधिकारी से वाद-विवाद होता है तो कानूनी रूप ले सकता है। इसलिए अपनी वाणी पर संयम रखें।

वृषभ राशि के जातक आज आप कार्यक्षेत्र में शत्रुओं पर विजय पाने में सफल रहेंगे। आज आपका सामाजिक दायरा भी बढ़ा हुआ दिखाई देगा, जिससे आपके मित्रों की संख्या में भी वृद्धि होगी। आज आप घर के कुछ सामान की खरीदारी पर धन खर्च करेंगे।

आज आपके लिए कारोबार में तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे, जिससे आपका पूरा दिन हंसी-खुशी बीतेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के काम में आज कुछ रुकावट आ सकती है। रात्रि में आप अपने परिवार के साथ किसी मांगलिक कार्य में शामिल हो सकते हैं।

कर्क राशि के जातकों को पार्टनरशिप में चल रहे व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा। जीवनसाथी की सलाह आपके व्यापार के लिए कारगर साबित होगी। यदि आपके कुछ कार्य काफी समय से रुके हुए थे तो आज पूरे हो सकते हैं। हालांकि, आपको अपने आलस्य का त्याग करना होगा।

सिंह राशि वाले अपने आसपास के वातावरण का आनंद लेते हुए नजर आएंगे। आज आप खुद पर कुछ धन खर्च कर सकते हैं। आप अपने लिए मोबाइल, लैपटॉप खरीद सकते हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी लेकिन आज आपकी माता का स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

आज के दिन कन्या राशि के जातक यदि कोई संपत्ति खरीदने का मन बनाएंगे तो उसमें आपको सफलता मिलेगी। आज आपके पद और प्रतिष्ठा में अवश्य ही वृद्धि होगी, इसे देखकर आप प्रसन्न रहेंगे। अगर आप अपने बच्चे का दाखिला किसी कोर्स में कराना चाहते हैं तो उसके लिए दिन अच्छा रहेगा।

तुला राशि वालों को अपने जीवन साथी का भरपूर सहयोग और साथ मिलेगा। आज सांसारिक सुख-सुविधाओं के साधनों में वृद्धि होगी। राजकीय क्षेत्र में आपके पद व प्रतिष्ठा में वृद्धि होने के योग हैं। यदि सायंकाल के समय यात्रा पर जाना हो तो संभलकर जाएं क्योंकि मनपसंद वस्तु के चोरी होने का भय है।

वृश्चिक राशि वाले आज दान-पुण्य के कार्यों में धन खर्च करेंगे और दूसरों की मदद करेंगे। इससे आपको आत्म-संतुष्टि मिलेगी और इसकी तुलना किसी अन्य सांसारिक सुख से नहीं की जा सकती। शाम को दोस्तों के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं।

धनु राशि के जातकों के आसपास का वातावरण शत्रुतापूर्ण हो सकता है। हालांकि, आप अपने धैर्य और मधुर व्यवहार से वातावरण को हल्का करने में सफल रहेंगे। आज आपको अपने प्रिय के सहयोग से कुछ परेशानियों से छुटकारा मिल सकता है।

मकर राशि के जातक को आज अचानक व्यापार में कोई नई डील फाइनल होने से लाभ हो सकता है। परिवार के किसी सदस्य या संतान की अचानक तबीयत तनाव का कारण बन सकती है। व्यापार में आज जोखिम उठाना पड़े तो सोच-समझकर ही लें, नहीं तो भविष्य में आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है।

कुंभ राशि के जातकों के हाथ में बड़ी मात्रा में धन आ सकता है। इससे आप संतुष्ट रहेंगे और आर्थिक स्थिति को लेकर चिंता कम होगी। फिर भी आपको अपनी आय और व्यय दोनों में संतुलन बनाकर चलना होगा, तभी आपको धन की प्राप्ति हो सकती है।

मीन राशि के जातकों को संतान पक्ष से कोई शुभ समाचार सुनने को मिलेगा। इससे मन प्रसन्न रहेगा। रोजगार की दिशा में काम करने वाले लोगों को आज नए अवसर प्राप्त होंगे। कार्यक्षेत्र में भी पद और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# डांस, धमाल के साथ मना सेंट एंड्रूज का वार्षिकोत्सव

## भव्य रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नन्हे मुन्नों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

एनएनआई

आगरा। सेंट एंड्रुज पब्लिक स्कूल, कर्मयोगी कमला नगर के वातानुकूलित प्रेक्षागृह में भव्यता, उल्लास और उत्साह के साथ 39वां वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का तिलक तथा बैज लगाकर स्वागत एवं पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि सर्वेश कुमार (अध्यक्ष न्यायाधीश जिला उपभोक्ता आयोग आगरा), कार्यक्रम अध्यक्ष अजय अग्रवाल (चेयरमैन बी एन ग्रुप), विशिष्ट अतिथि सोमा जैन जसोरिया ( समाज सेवी ), विद्यालय के सीएमडी डॉ गिरधर शर्मा, प्रबंधक सुनीता शर्मा, एमडी शिवांजल शर्मा , इंजी.ओशीन शर्मा, विद्यालय की प्राचार्या अंशु सिंह, उप प्राचार्य अभिषेक क्रिस्टी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व उनके समक्ष दीप प्रज्वलित कर





कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

स्कूल बैंड की मधुर व रोचक प्रदर्शन व गणेश वंदना के भावपूर्ण समूह नृत्य के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। विद्यालय के छात्र छात्राओं अर्सलान सिद्दीकी, वैष्णवी शर्मा, सुहानी अग्रवाल, मानवी जैन द्वारा दृश्य श्रव्य के माध्यम से सभी को प्रभावित करने वाली वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें विद्यालय की प्रगति और उपलब्धियों पर समुचित रूप से प्रकाश डाला गया। नन्हे मुन्हे बच्चो ने प्रेणनाप्रद समूह गान प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। नृत्य नाटिका के माध्यम से अनाथ बच्चों की व्यथा का मार्मिक चित्रण किया गया। अंत में बच्चों ने देश प्रेम से ओतप्रोत भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित जन समूह का दिल जीत लिया।

एमडी इंजी. ओशिन शर्मा ने सभागार मे उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों का शाब्दिक स्वागत किया। मुख्य अतिथि सर्वेश कुमार ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि हमारे समय में बहुत ही परिश्रम से कुछ हासिल किया जाता था आज की पीढ़ी बहुत भाग्यशाली है की ऐसे बेहतरीन सुविधाओं से परिपूर्ण विद्यालय में शिक्षा पा रहे हैं, विद्यार्थी अगर गंभीरता से कार्य करें तो भविष्य अवश्य ही उज्जवल होगा ।

इस अवसर पर हर्षित पाठक, अमन शर्मा, भावना राठौर, एस. पी.तिवारी, कंगना रोहिरा, उत्कर्षा , प्रीति सक्सेना, दिशा, ममता, रिया, रिंकी, नूतन, गुनगुन, स्वीटी, दीपाली, मीनाक्षी , नलिनी अग्रवाल, आदित्य विमल, स्वीटी, दीपाली लालवानी आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम की व्यवस्थाएं अंकुर सक्सेना, विक्की कथूरिया, नवीन कुशवाह, अनुभव बंसल, जूली दीक्षित, नूपुर, अंजना गुप्ता, मोहित, पूजा, अशोक, प्रमोद, पारस, यश,अपर्णा शुक्ला ने संभाली। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या अंशु सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। समारोह की सारी व्यवस्थाएं एएनओ अलोक वैष्णव एवं विकास गोयल के निर्देशन में एन.सी.सी कैडेट्स द्वारा संभाली गई।

# 11 बेटियों के पीले हुए हाथ, वर के साथ हुई विदाई



- सर्व सहाय सेवा समिति का 12वां सामूहिक विवाह समारोह
- स्नेह, संस्कार और सामाजिक एकता से सराबोर रहा आयोजन

**आगरा एनएनआई।** सर्व सहाय सेवा समिति (रजि.) द्वारा लोहमंडी स्थित अग्रसेन भवन में रविवार को आयोजित 12वां निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह गरिमामयी और भावनात्मक माहौल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में 11 बेटियों का विवाह समिति के सदस्यों और समाजसेवियों की उपस्थिति में पूर्ण विधि-विधान से सम्पन्न कराया गया। मंडप में गूंजते वैदिक मंत्र, नवदम्पत्तियों के उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं और समाज के सहयोग का रंग, इस पूरे आयोजन को अत्यंत विशेष बनाते रहे। सभी नवदंपत्तियों को गृहस्थी पूर्ण सामान भेट स्वरूप दिया गया। महंत योगेश पुरी, महंत कपिल नागर, गोपी गुरु, महंत निर्मल गिरी और संत बाबा प्रीतम सिंह ने वर वधु को शुभ आशीष दिया।

मुख्य अतिथि जितेंद्र चौहान ने वर वधु को आशीर्वाद देते हुए कहा कि कन्यादान एक अत्यंत पुण्य और मंगलकारी कार्य है। समिति द्वारा बेटियों के जीवन में खुशियों का यह सुंदर आरंभ करवाना समाज में सहयोग और संस्कारों की अनूठी मिसाल है। राज्य महिला आयोग अध्यक्ष डॉ बबिता सिंह चौहान ने वीडियो संदेश के माध्यम से अपनी शुभकामनाएं नवदम्पत्तियों के लिए प्रेषित की। समाजसेवी सुनील विकल ने कहा कि सभी समाज के लोग बेटियों के साथ हैं। संस्था के इस नेक कार्य के लिए हम सभी आगे भी सहयोग देते रहेंगे।

गौ सेवक रामनिवास गुप्ता ने कहा कि सर्व सहाय सेवा समिति जिस समर्पण और आत्मीयता से बेटियों के जीवन में नया अध्याय जोड़ती है, वह अत्यंत प्रेरणादायक है। इस अवसर पर सीताराम अग्रवाल, रविंद्र अग्रवाल, विजय बंसल, एचएस अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, रेलेश अग्रवाल, सीए आरके अग्रवाल, मनीष कुमार अग्रवाल ने उपस्थित होकर नवविवाहितों को शुभाशीष प्रदान किया।



आगरा कैंट के सभी सफाई कर्मचारियों ने आज समस्याओं का समाधान न होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की है। कर्मचारियों की मांग है कि पीएफ काटा जाए, इंश्योरेंस किया जाए लेकिन कई बार कहने के बाद भी ऐसा नहीं हो रहा है। इन सब अनियमिताओं को लेकर ही यह प्रदर्शन किया जा रहा है।

